11.04 hrs.

CONSTITUTION (FORTY-FOURTH AMENDMENT) BILL—*contd.*

THE MINISTER OF LAW, JUSTICE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI H. R. GOKHALE): I beg to move:

"That the Bill further to amend the Constitution of India, as amended, be passed".

MR. SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Constitution of India, as amended, be passed".

Now, before I call upon the non. Members, I have to suggest that since today's debate is on the third reading, the scope being limited, the speeches should not be too long. I have received a very large number of requests from hon. Members to participate in the debate. So, in order to accommodate all of them, I would suggest to the hon. Members to confine their speeches to, say five minutes. The scope is very limited and you cannot go into the details.

PROF. S. L. SAKSENA (Maharajganj): The Opposition Members should get proportionate time.

SHRI D. N. TIWARY (Gopalganj): Sir, I would suggest that those who have not at all taken part in the debate should be given more time.

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : अभी तो हमने अपनी लिस्ट भेजी नहीं है ।

MR. SPEAKER: Therefore I say that the speeches should be short. They have to be relevant and short.

SHRI H. N. MUKERJEE (Calcutta—North-East): Not wishing particularly to speak myself, may I submit that this is an important constitutional Amendment and we have the whole day for the third reading? There are certain fundamental, even philosophical, aspects of the matter which may have to be brought up at this stage before the House. If the hon. Members wish to do so, I hope, the Chair would not withhold the opportunities in this regard.

श्री रामचन्द्र विकल (बागपत) : संसदीय कार्य मंत्री जी ने कल आश्वासन दिया था कि संशोधन वापिस ले लो, बहस मत करो, कल आपको टाइम मिलेगा । तो उन लोगों को टाइम मिलना ही चाहिए ।

MR. SPEAKER: First of all, I propose to call those Members who have not so far spoken on the Bill. That will be the first category. The second category will comprise of those hon. Members whom I had requested not to speak on Clauses 57 and 59. I will give them more time on the third-reading. That was my promise. If they want to participate in the debate, I will call them. Then I will call those Members who have not spoken on the first-reading and after that I will call other Members, if there is time.

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Mr. Speaker, Sir, may I respectfully submit, while I appreciate all what you have said, the fact nonetheless remains that a very few of us on the non-Governmental benches are actually present in the House and, therefore, those of us who have chosen to remain present and participate should not be debarred from third-reading speeches altogether. My point is that the dissenting voices are fewer and the supporting voices are many more. Therefore, it would be in fairness to the debate and in the fitness of parliamentary traditions that those who are to say something against the Bill are given proportionately more time. I am not asking for a big chunk of time. I

hope this axe of time-limit will not fall on those who will stand up and speak against this Bill and explain its philosophical, political, moral, legal and Constitutional aspects, to say why they are opposed to the Bill.

MR. SPEAKER: Even philosophical, moral or other intellectual approach should not call for a very long speech. And the whole burden of my suggestion is that nobody should be debarred and if Members cooperate and if they confine themselves, of course, to relevant matters, I think I will be able to accommodate all the Members.

श्री डी० एन० तिवारी : (गोपालगंज) : अध्यक्ष जी, आज से 27-28 वर्ष पहले कांस्टीट्यूशन का निर्माण हुआ था । समय इतनी तेजी से बदल रहा है कि कल की बात आज पुरानी हो जाती है । 27-28 वर्ष पहले की बात आज पुरानी हो जाये, इस में कोई आश्चर्य की बात नहीं है । डेवलप्ड-नेशन्ज का मैक-अप करने के लिये डेवलपिंग कन्ट्रीज को बहुत तेजी से आगे बढ़ना है और बढ़ने का प्रयास भी किया जा रहा है । जो सोश्यो-एकानोमिक चेन्जेज हुए हैं, तो उस पैटर्न के अनुसार हम ने विधान में संशोधन नहीं किये तो हम पीछे रह जायेंगे और जनता हम को उठा कर पीछे फेंक देगी ।

अभी आपने देखा कि इन संशोधनों पर बहुत से संशोधन सदस्यों की तरफ़ से आये । सरकार भी इस बात को मानती है कि संविधान में बहुत सारे परिवर्तनों की जरूरत है, इसलिये मैं ऐसा महसूस करता हूं कि सरकार को इस मौके पर कोई कान्प्रीहैन्सिव बिल लाना चाहिये था, पूरी गम्भीरता के साथ संविधान का अध्ययन करना चाहिए था, किन-किन सेक्शन्ज को बदलना है, किन-किन को नहीं बदलना है, सब बातों को सामने रख कर काम करना चाहिये था, लेकिन मुझे इफ़सोस है कि सरकार ने ऐसा नहीं किया । आज जो संशोधन किये गये हैं, मेरा ऐसा ख्याल है कि उन से कहीं अधिक दूसरी धाराओं में संशोधन करने जरूरी थे । सरकार ने पहली गलती जो यह की कि पिछली लोक सभा में इस विधेयक को यहां पेश कर दिया, दो महीने बाद इस अधिवेशन में इस को पास कर दिया । उचित यह था कि उसी वक्त एक सीलैक्ट कमेटी बना दी जाती और इन सारे मजमूनों को उस सिलैक्ट कमेटी को सौंप दिया जाता, वह कमेटी इस पर विचार करती, और जिन अन्य धाराओं में संशोधन करना था, उन को भी इस कमेटी में लिया जाता और वह सिलेक्ट कमेटी दो महीने के अन्दर अपनी रिपोर्ट पेश कर सकती थी । इस तरह से इस बिल पर बाहर भी बहस हो जाती और सदन में भी बहस हो जाती। जल्दी की इस में कोई बात नहीं थी, क्योंकि लोक सभा का जीवन बढ़ने वाला था । ऐसी बात तो थी नहीं, कि आप ने लोक सभा का जीवन बढ़ाने के लिये कोई स्पर-आफ दि-मोमेन्ट पर फैसला लिया हो, गवर्नमेंट के दिमाग में यह बात पहले से होगी, इसलिये इस बिल के बारे में बहुत ज्यादा जल्दी करने की जरूरत नहीं थी । इस को ज्यादा समय दिया जाना चाहिये था, सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट 15 नवम्बर के बाद आती, जिस में तमाम संशोधनों पर विचार किया जा सकता था, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया, पता नहीं वे क्यों इतनी जल्दी इस को पास करना चाहते थे ।

इस बिल पर हाउस में जितना डिस्कशन हुआ है, मैं यह तो नहीं कहता कि उचित नहीं हुआ है, लेकिन बहुत जल्दी-जल्दी में हुआ है । 600-700 अमेंडमेंट्स को चार-पांच दिनों के अन्दर समाप्त कर देना कोई आसान बात नहीं है । हमारे स्पीकर साहब और पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर

[श्री डी० ए० तिवारी]

बार बार कहा करते थे कि जल्दी समाप्त करो, निश्चित समय के अन्दर ही इस को पूरा करना है, इसलिये जितना ध्यान इस पर दिया जाना चाहिये था, उतना नहीं दिया जा सका । अब यह बिल आज पास हो जायेगा, राज्य सभा में भी इस में कोई संशोधन नहीं होगा, क्योंकि अगर वहां कोई संशोधन मन्जूर करते हैं तो उसे फिर यहां लाना पड़ेगा, इसलिये यह इसी रूप में पास हो जायेगा । इसलिये मेरा अनुरोध है कि अब चूंकि इस हाउस की लाइफ एक वर्ष बढ़ रही है, इस बीच में हमें उन तमाम संशोधनों को ले आना चाहिये, जिन का लाया जाना बहुत जरूरी है, जिन के बिना हमारा काम अधूरा रह जायगा । अगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो जिस गति से हम चलना चाहते हैं, उस गति से नहीं चल सकेंगे । जितनी अमेंडमेंटस हुई हैं, उन में कुछ ऐसी धारायें हैं जिन में कुछ में कुछ और जोड़ा जाना चाहिये था । जैसे एक अमेंडमेंट था कि राष्ट्रध्वज के साथ यदि कोई मनमानी की बात करे तो उस को सजा मिले, इसी तरह की अमेंडमन्ट राष्ट्र भाषा के लिये भी होनी चाहिये थी, लेकिन उस अमेंडमेंट को नहीं लाया गया । राष्ट्र ध्वज हमारे देश का सिम्बल है, उसी तरह से राष्ट्र भाषा देश की दूसरी सिम्बल है, जो हिन्दुस्तान में लिंक-भाषा का काम करती है—इस संशोधन को न लाने से एक कमी रह गई है जिस को जरूर पूरा किया जाना चाहिये ।

इसी तरह से जो ड्यूटीज निर्धारित की गई हैं उन में भी कुछ बातें जोड़े जाने से रह गई हैं तथा कुछ ऐसी बातें जोड़ दी गई हैं जो रिडन्डेन्ट मालूम होती है । इस लिये मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर पुनः विचार करे और इसी वर्ष के अन्दर उन संशोधनों को यहां पेश करे ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आप का इशारा समझ रहा हूं कि आप और अधिक समय नहीं देना चाहते हैं और मैं अधिक नहीं कहूंगा लेकिन मैं दो बातें ही कहना चाहता हूं कि समय बहुत तेजी से बदल रहा है और राष्ट्र आगे बढ़ रहा है । इसलिए उस की एस्पीरेशन्स के अनुसार सब धाराओं को देख कर जिन जिन में बदलने की जरूरत है आज की स्थिति में, उन को बदलना चाहिए और अब जो आप बिल लावें, उस को सेलेक्ट कमेटी में भेजें ताकि वहां पर पूरी तरह से छानबीन हो सके । आप यह देखें कि 32वां एमेंडमेंट बिल संविधान के संशोधन का जो है, उस में एजोनमेंट के बाद एजोनमेंट दिये जा रहे हैं और उस में सिर्फ एक दो धाराओं को ही एमेंड करना है और यह जो संविधान (संशोधन) विधेयक है, इस में तो 59 धाराएं हैं । इन सब धाराओं को ठीक से समझने के लिए और विचार करने के लिए कितना समय चाहिए, यह आप अन्दाजा लगा सकते हैं लेकिन ये धाराएं पास हो हो गई हैं और मैं तो कहूंगा कि इन में आप ने जल्दी की है । इसलिए पूरे संविधान पर पुनर्विचार कर के आप एक संविधान (संशोधन) विधेयक लाएं और उस के लिए लोगों को पूरा समय दीजिए ।

बस मुझे यही कहना था ।

श्रीमती सुभद्रा जोशी (चांदनी चौक) : अध्यक्ष महोदय, मैं कानून मंत्री जी को बधाई देती हूं कि वे यह कान्टीट्यूशनल (एमेंडमेंट) बिल यहां पर पास करवा रहे हैं और जो कई किस्म की दिक्कतें आ गई थीं और लोगों ने कान्स्टीट्यूएंट एसेम्बली के नाम पर दिक्कतें पैदा करदी थीं, उन दिक्कतों पर काबू पा कर उस सवाल को कम से कम एक दफा बन्द कर दिया ।

अध्यक्ष महोदय, जैसा कि यहां पर और भी कई सदस्य कह चुके हैं, मैं उनको रिपीट नहीं करना चाहती हूं पर यह कहना चाहती हूं कि पहले जो कांस्टीट्येन्ट एसेम्बली बनी थी, यह लोक सभा उससे कहीं ज्यादा लोगों का प्रतिनिधित्व करती है और उससे कहीं ज्यादा इस लोकसभा की ताकत है। इसलिये यह सभी कानूनों में और संविधान में परिवर्तन कर सकती है। जो लोग कांस्टीट्येन्ट एसेम्बली की या दूसरी बातें करते हैं, उनसे मैं बहस में नहीं पड़ना चाहती लेकिन यह कहना चाहती हूं कि अगर इस चीज के चक्कर में फंस गये, तो बहुत भारी दिक्कतें उसमें पैदा हो जातीं और देर भी बहुत लग जाती। अभी कानून मंत्री जी लोक सभा का पीरियड बढ़ाने के लिये कानून लाने वाले हैं वह तो अलग बात है पर अगर कांस्टीट्येन्ट एसेम्बली और इस तरह का नाम लेकर चुनाव में बहुत देर कर दी जाए, तो मैं इस बात को नामुनासिब समझती हूं क्योंकि अध्यक्ष महोदय, आज जो जरूरत है, वह इस देश के लिये बहुत आवश्यक है। मैं तो यह समझती हूं कि आज चुनावों में जितनी देर होती जा रही है, उतना ही नौकरशाही उसका फायदा उठा रही है। आज हमने अपने और सदस्यों ने अखबारों में पढा होगा कि डी० डी० ए० के बारे में पार्लियामेंटरी कमेटी का एक बयान निकला है कि वह किस तरह से पालिसी बदलती जा रही है और दिल्ली के रहने वाले गरीब आदमियों के लिये कोई जगह रहने वाली नही है। अगर इस तरह की बातों की रोकथाम नही की गई तो अच्छी बात नहीं होगी। मैं यह भी कहना चाहती हूं कि एडल्ट फ्रेन्चाइज के जरिये चुने हुये लोग अगर इस कान्स्टीट्यूशन में परिवर्तन नहीं कर सकते है, तो कौन कर सकता है। यह समय का तकाजा है और मैं कानून मंत्री जी को मुबारकबाद देती हूं कि वे इस बिल में सेक्यूलरिज्म और सोशलिज्म जैसी बातें लायें। ये सब बड़ी इम्पार्टेन्ट चीजें हैं और यह समय का तकाजा है कि समाजवाद लाए बिना कोई चल नहीं सकता। न कोई जमायत चलने वाली है और न देश ही चल सकता है क्योंकि आज हिन्दुस्तान में अगर कोई यह कहे कि गरीब-गरीब है, यह किस्मत की बात है इसको कोई मान नहीं सकता। अगर कोई यह कहे कि गरीब भगवान ने बनाये हैं, और गरीबी भगवान की देन है, इसको कोई नहीं मानता। आज जो गरीब यह कहता है कि मेरी मेहनत का पैसा दूसरे की जेब मे चला जाता है। अब वह बात नहीं चल सकती कि खेती कोई करे और खाए कोई कपड़ा कोई बनाए और पहने कोई और मकान कोई बनाए और रहे कोई। आज उन लोगों को भी इसकी आवश्यकता है और अगर हमने फौरन परिवर्तन नहीं किया और जो बाधाएँ हैं उनको दूर नही किया, तो मैं सफाई से कहना चाहती हूं कि जनता का डेमोक्रेसी में विश्वास नही रहेगा और जिस तरह से एक आदमी को एक दफा पावर दे दी जाए और वह उसको नहीं छोड़ता, उसी तरह से हिन्दुस्तान के करोड़ों आदमी जिन के हाथ में 25—30 साल से ताकत दे रखी है उस ताकत को आसानी से छोड़ने वाले नहीं हैं। और अगर हमने वक्त के मुताबिक परिवर्तन नहीं किया तो देश में जनता खुद परिवर्तन लाएगी और खुद समाजवाद लाएगी।

अध्यक्ष महोदय मैं कानून मंत्री जी को इस बात के लिये बधाई देती हूं कि उन्होंने ड्यूटीज के बारे में हम सब का और देश का ध्यान खींचा है और संविधान में इसकी व्यवस्था की है। मगर इसका पालन हो रहा है या नहीं हो रहा है, जब तक इसे नहीं देखा जाएगा तब तक इसको अमल में लाना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। फिर भी उन्होंने ध्यान दिलाया कि कांस्टीट्यूशन झंडे इन सब का आदर करना चाहिए यह बहुत अच्छा कदम है।

[श्रीमती सुमन्ना जोशी]

हमने देखा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोगों ने जिन्होंने संविधान को कभी नहीं माना उन्होंने कहा कि देश में सब धर्मों के लोग यहां के नागरिक नहीं हो सकते। उन्होंने यहां तक कहा कि सबको बराबर के अधिकार दे दिये गये है यह वैसा ही है जैसे कोई बेवकूफ बाप अपने घर में चोर और बेटे को बराबर के अधिकार दे दे। उनके इस किस्म की जो लिखित चीजे थी उनको होम मिनिस्ट्री के ध्यान में लाया गया तो वहां से उत्तर मिला कि वे चीजे कानून के खिलाफ नहीं हैं। राष्ट्रीय स्वय सेवक संघ के लोगों ने यह सिर्फ कहा ही नहीं उसके बाद उन्होंने छुरे, लाठियां, बन्दूके चलाना सिखाया जिनको हमने देखा कि लड़ाई में तो वे चीजे काम में आयी नहीं, सिर्फ पड़ोसी के काम आती रही।

इसी तरह से आनन्दमार्गियों ने खोपड़ियों को काट-काट कर रखी। इस पर भी सरकार ने पाबन्दी लगाई है। मंत्री जी ने कहा कि एमरजेंसी पावर में यह पाबन्दी का कानून लगाया गया। मैं उम्मीद करती हूं कि संविधान में परिवर्तन लाने के बाद उनको कानूनी मदद मिलेगी और इन संस्थाओं को वे परमानेंटली बैन करेंगे।

इस संशोधन विधेयक की क्लाजिज पर बहस के दौरान हमने देखा कि माइनोरिटीज कम्यूनिटीज के लोग यह समझ रहे हैं कि उन्हें खतरा है। अध्यक्ष महोदय, मैं सफाई के साथ कहना चाहती हूं और सरकार को भी मुबारकबाद देना चाहती हूं कि आर० एस० एस० और आनन्दमार्ग पर जो उसने पाबंदी लगाई, उसके बाद हिन्दुस्तान की माइनोरिटीज को पहली दफा यह महसूस हुआ कि हम हिन्दुस्तान के नागरिक हैं और हिन्दुस्तान में हमें भी हमारे हासिल हैं। इसके बाद फिर उन्हें बन्दूकें और लाठियां चलाने की इजाजत दी जाए, तो इसका बुरा असर पड़ेगा।

एक बात मैं और कहूंगी कि कानून मंत्री इस बात का ध्यान रखें कि इन डायरेक्शंस के मुताबिक कानून बनें कि इतने साल जो इन जमायतों को प्रचार करने की इजाजत दी गई, इतने साल जो काम करने की इजाजत दी गई, उसकी वजह से जो ऐसे हालात बने कि हम जैसे लोग जो फिरका परस्ती को नहीं मानते है उन पर इसका असर पड़ा और बावजूद सरकार के और संविधान के बराबरी का अधिकार देने की यह नतीजा निकला कि हमारी सारी कोशिशों के और सरकार की कोशिशों के इन माइनोरिटी कम्यूनिटी के लोगों को नौकरियों में बिजनेस में बहुत कम स्थान मिला, न के बराबर मिला। कहा जाता है कि माइनोरिटी के किसी आदमी के लिये राष्ट्रपति बनना आसान है पर सरकारी दफ्तर में या दूसरे दफ्तरों में अपरासी की नौकरी पाना बहुत मुश्किल है। यह जो आज तक इनका पिछड़ापन रहा है उसके लिये जो डायरेक्शन दी गई है, उस पर सरकारी कर्मचारियों के लिये और मंत्रियों के लिये भी ऐसा कानून बनाये जिससे इनका पिछड़ापन दूर हो सके और इन्हें आगे बढ़ाया जा सके।

आपने कम्युनल, रीजनल और कास्ट अलग अलग भाषाओं के और प्रदेशों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिये जो कदम उठाने के लिये कहा है, उनका भी मैं स्वागत करती हूं।

इस प्रकार का कानून बनाना बहुत आवश्यक है कि किसको आप समझते हैं कि कम्यूनल हार्मनी के लिये काम करता है और किस चीज को आप समझते हैं कि वह कम्यूनल हार्मनी के लिये ठीक नहीं है।

देश के कोने-कोने में लोग जानते हैं कि हम लोग एक अर्से से काम कर रहे हैं और फिरकापरस्ती के खिलाफ हम लोगों ने लड़ाई

छेड़ रखी है। लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि जिस दिन साम्प्रदायिकता विरोधी कमेटी के कार्यकर्ताओं की मीटिंग मेरे घरमें होती है तो सी० आई० डी० मेरे घर के बाहर आ कर पहरा देती है लेकिन जब आर० एस० एस० की शाखायें लगा करती थीं तो उनके यहां पर पहरा नहीं दिया जाता था। मैं चाहती हूं कि डयूटीज के बारे में जब आप डाइरेक्शंस दे रहे हैं तो आगे इसको भी डिफ़ाइन किया जाए, यह भी बताया जाए कि काम को कैसे करना है और जो नहीं करेगा उसका भी कोई डेफीनिशन हो कि उनके केस में आप क्या करने वाले है।

साइंटिफ़िक चीजों को बढ़ाने के लिये जो आपने इसमें प्रावधान किया है उसके लिये मैं आपको खास तौर पर बधाई देना चाहती हूं। मुझे याद है कि गांधी जी जब डांडी मार्च के सिलसिले मे एक गांव में गए तो वहां गांव वालों ने कहना शुरू कर दिया कि गांधी जी के आने से वहा कुएं मे पानी आ गया है। गांधी जी ने उसका खंडन किया और कहा कि ऐसी अनसाइंटिफ़िक बात नहीं की जानी चाहिये मेरे आने से कुएं में पानी आने का कोई सम्बन्ध नहीं है। जवाहर लाल जी ने भी हमेशा हमारा और हिन्दुस्तान का इस तरफ़ ध्यान दिलाया था। आपको मालूम ही है कि अष्ट ग्रह की एक बात को खड़ा कर दिया गया था। उसके खिलाफ़ किस तरह से उन्होंने आवाज उठाई यह हम सबको मालूम है। आज हमारे देश के कोने कोने में कहीं आनन्द मार्गी उठ कर खड़े हो गए हैं, कहीं बौन महाराज उठ कर खड़े हो गए हैं, कहीं बाल योगेश्वर खड़े हो गये हैं, कहीं सांई बाबा हो गये हैं और कहीं कोई और बाबा खड़े हो गये हैं। कितनी ही किस्म के लोग हो गए हैं। अफ़सोस की बात तो तब होती है जब हम उन लोगों को देखते हैं जो इनके सदस्य होते हैं। मुझे याद है आनन्द मार्ग के लोगों ने इसको मुझे बताया है कि जब पहला केस हुआ और किसी लड़के का सिर काट दिया गया तो लड़के के मां बाप भारत की राजधानी हिन्दुस्तान में आए इंसाफ़ पाने के लिये और उनको नीचे से ऊपर तक मालूम हुआ कि जिन को इंसाफ़ दिलाना है वे नीचे से ऊपर तक आनन्दमार्ग के मेम्बर हैं इसलिये उनको कोई मदद सरकार से नहीं मिल सकेगी। सरकारी लोग ऊपर से नीचे तक, राजनीतिक सब इन चीजों में पड़ जाते हैं। मैं समझती हूं कि अगर किसी का विश्वास इन चीजों में हो, इन स्वामी बाबाओं में हो भूतप्रेतों हो तो वह अपने घर में इनकी पूजा पाठ कर लिया करे, अपने घर में उनको बुला करके जो करना हो कर लिया करे लेकिन पब्लिक प्रदर्शन इन चीजों का न करे, इसको एक आफेंस माना जाना चाहिये और इसके मुताबिक कानून बनाया जाना चाहिये।

इस मौके का फायदा उठा कर मैं कानून मंत्री का ध्यान इस ओर भी खींचना चाहती हूं कि बंगलोर युनिवर्सिटी के वॉइस चांसलर ने एक कमेटी बनाई है। उन्होंने कहा है कि हम साइंटिफ़िक ढंग से इन सब चीजों की खोज करेंगे, पता लगायेंगे कि इन चीजों का कोई साइंटिफिक बेसिस है या नहीं है। मैं चाहती हूं कि आपको इस तरह की बातों पर विचार करना चाहिये। जो भी लोग इन तरह की चीजों मे हिस्सा लें और इनका पब्लिक प्रदर्शन करें तो अगर वे सरकारी अफसर हों तो सरकारी अफसर उनको नहीं होना चाहिये, और अगर पब्लिक के लोग हों तो लोक सभा और लेजिस्लेचर के मेम्बर उनको नहीं होना चाहिये। साइंटिफिक चीजों को बढ़ाने के लिए उचित कदम कानून मंत्री को उठाने चाहिये। मैं चाहती हूं कि स्पेसिफ़िक डायरेक्शंस इशू होनी चाहियें, ठीक से कानून इसके सम्बन्ध में बनाया जाना चाहिये और उस पर अमल हो इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिये। इस तरह की चीजों पर पाबन्दी लगाई जाये। ऐसा किया गया तो हम अच्छी तरह से शान्ति की सांस ले सकें। जल्दी से जल्दी जो कानून आपको

[श्रीमती सुमित्रा जोशी]

बनाये हैं उनको आप पास करायें, जो डायरेक्शंस देनी हों दे ताकि उनके मुताबिक काम हो और लोग सचमुच समझें कि अब हम शान्ति से आगे बढ़ सकते है, समाजवाद की तरफ़ बढ सकते हैं, सैक्युलरिज्म को जो मान लिया गया है उसको इम्प्लैमेंट करने के लिये सख्ती से कदम सरकार उठा रही है।

SHRI SYED AHMED AGA (Baramulla): Because of the dynamic leadership of Shrimati Indira Gandhi, this Parliament got the opportunity of passing this Bill, and I am happy that I happen to be a Member of this Parliament and get an occasion to participate in the passing of this Bill. It is true that this is not the last word on *garibi hatao*, or on socio-economic revolution, but it does show the trend, it does give a direction to our future thinking and to the future plans of development that we are to undertake.

This is the third reading of the Bill We are adding the words "socialist and secular" in the Preamble. We are strengthening the unity and integrity of the nation. We are ensuring Directive Principles to become operative. We are safeguarding against anti-national activities. We are providing that steps will be taken by suitable legislation to secure participation of the workers in the management. At the same time, we have also included fundamental duties in this Bill.

Besides attending seminars and symposia on this Bill—it was introduced in September—during the inter-session period, I also, on my own, had conversations and meetings with workmen, labourers, tillers, those who pull out lotus roots from under water and the craftsmen. There, an elderly man told me too things. One was that it was because of the freedom struggle that India was united. The other was that "even though the leaders led us in the freedom struggle, they went to jails. But we received flogging bullets and all type of torture, because we could not be put into the jails. This was due to the fact that the alien rulers could not afford to feed us in the jails."

After this, the elderly man asked me two questions. He asked, "Will you, Mr. Aga, give us the right to work?" He further asked, "Will you, Mr. Aga, give us adequate living wages?"

These are the two questions, which I am transmitting to the Law Minister. I hope he will answer these two questions to enable me to convey his reply to those who asked the questions.

श्री चन्द्रिका प्रसाद (बलिया) : माननीय अध्यक्ष जी, प्रस्तुत सविधान संशोधन विधेयक का मैं समर्थन करता हू और स्वागत करता हू क्योंकि इससे हमारे देश की 80 प्रतिशत जनता मे, विशेषकर गरीबों में एक बडा उत्साह आया है। लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ता है कि देश की आजादी के 28 वर्ष बाद भी देश के निवासियो की भाषा मे हम सविधान को नही दे सके है जो कि हिन्दी मे होना चाहिये, और देश की अन्य भाषाओं मे उसका अनुवाद होना चाहिये था ताकि प्रत्येक नागरिक के घर घर में उसकी प्रति रह सकती और वह उसको समझ सकते। सत तुलसीदास की रामचरित मानस देश के प्रत्येक कोने में और घर घर में पायी जाती है और वह हिन्दी मे लिखी हुई है। इसलिये हमारा सविधान भी अगर हिन्दी मे होता तो देश की जनता और विशेषकर गरीबों के हित के लिये जो इसमें संशोधन किये गये है वह संदेश उनके पास तक पहुंचता।

हमारे देश का संविधान आज भी बना हैं और पहले भी था और उसका मुख्य उद्देश्य

हमारे देश के 80 प्रतिशत लोगों के जीवन से सम्बन्धित था लेकिन सरकारी मशीनरी कहां तक उसे इम्पलीमेंट कर पाई हैं । पिछले 27 वर्षों में जो इम्पलीमेंटेशन हुआ हैं वह हमारे सामने हैं । आई० ए० एस० के अफसरों की जो पढ़ाई होती हैं, उसके मुताबिक वह ऐसा महसूस करते है कि राज्य करने के लिये पैदा हुए है, पब्लिक की सेवा करने के लिये नही । आज हमारी मशीनरी जो काम करने के लिये लगी हुई है वह जनता के सेवक है । और सोशलिस्ट प्रकारण में, समाजवादी विचारधारा मे हमारे लिये उनका कमिटमेंट हो, वे हमारी पालिसी के मुताबिक काम करने वाले हों, इसके लिये कानून मन्त्री से मैं प्रार्थना करूंगा कि वह इसके लिये कोई रास्ता निकाले जिससे हमारी कमिटेड मशीनरी हो और हमारी पालिसी को कार्यान्वित करे । जिलों में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट 3, 4 बरस के लिये आते है, लेकिन कोई डेवलपमेंट का काम नही होता हैं । हमारे मन्त्री महोदय को कोई ऐसा रास्ता निकालना चाहिये जिससे हम उस मशीनरी पर हावी रहे और चाबुक हमारे पास रहे ताकि डेवलपमेंट के काम में किसी तरह की ढिलाई न हो ।

हमने 20-सूत्री कार्यक्रम को अपनाया हैं, उस कार्यक्रम के डिवलपमेंट के लिये बहुत कुछ होना चाहिये था जो कि अभी तक नहीं हो पा रहा है । मेरा सुझाव है कि इसकी तरफ मन्त्री महोदय ध्यान दे । गैर सरकारी वाचडाग कमेटी बनाये जो 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वित करें ।

हमारे देश की अखण्ड राष्ट्रीयता हैं । पहले धार्मिक एकता थी लेकिन कांग्रेस के आने पर राजनैतिक एकता भी आई हैं और इस सम्बन्ध में एकता की दृष्टि से हम आगे बढ़े है । लेकिन आज भी आप देखेंगे कि लोगों को दूसरी जगहों पर काम करते हुए 15-15 और 20, 20 बरस हो गये है, लेकिन उनको वहां पर कोई अधिकार नहीं मिलता हैं । जो चीजे और सुविधाएं उनको मिली थीं, वह उनसे छीनी जा रही हैं । मध्य प्रदेश एवं आसाम मे हमारे प्रदेश के लोग 20-20 बरस से नौकरी तथा खेती में है, लेकिन वहां के लोग उनसे कह रहे हैं कि आधिक परेशानिया है और उनको वहां से निकालना चाहते है । अगर किसी एक प्रदेश का नागरिक दूसरे प्रदेश मे काम करता है तो वह भी तो देश का ही नागरिक हैं, वहां पर उसे उस के अधिकार मे वंचित नहीं करना चाहिये । अगर यह होता है तो हम राष्ट्रीय एकता की भावना को ठीक से नही समझते है । मेरी कानून मन्त्री मे प्रार्थना है कि वह इस पर भी अवश्य विचार करे कि जहा पर जो व्यक्ति काम कर रहा है, चाहे वह कही का रहने वाला हो उसका वहा अधिकार होना चाहिये । जहा वह पैदा हुआ है अगर वहा से दूसरी जगह पर जाकर काम करता हैं तो उसको वहा पर पूरा अधिकार मिलना चाहिये ।

समाजवाद के ढाचे की तरफ हमको तेजी से बढना चाहिये था, लेकिन आज 27 बरस के बाद भी जितना हमको बढ़ना चाहिये था, नही बढ पाये है । हम हरिजनों के उत्थान की बात करते है, लेकिन जब तक जातीयता रहेगी तब तक न हरिजनों को उद्धार होगा और न कुछ कर पायेंगे । संविधान की प्रस्तावना मे जातीयता को हटाने के लिये जोरदार उद्देश्य होना चाहिये था । मेरा निवेदन है कि मन्त्री महोदय इस तरफ ध्यान दे ।

देश के पिछडे हुए भागों में जहां कि 80 प्रतिशत ग्रामीण मजदूर हैं उनको 20-सूत्री कार्यक्रम का लाभ मिलना चाहिये था । लेकिन बम्बई में काम करने वाले और बलिया व आरा में काम करने वाले मजदूर की पर-कैपिटा इनकम में बहुत फर्क हैं । इसको दूर करने के लिये हम चाहते है कि कोई न कोई कार्यवाही केन्द्रीय सरकार को करनी चाहिये मन्त्री सहोदय से मेरा निवेदन है कि किसी तरीके से भी उनकी इनकम का जो गैप हैं

[श्री चन्द्रिका प्रसाद]

उसको पूरा करने की ओर ध्यान दें। उपेक्षित तथा पिछड़े अंचलों को केन्द्रीय शासित प्रदेश होना चाहिये क्योंकि उनका पिछड़ापन तथा उनकी समस्यायें प्रदेश के बस की नहीं है।

श्री वामनकर (भिवंडी) : अध्यक्ष महोदय, इस बिल का मैं समर्थन करता हूं और कानून मन्त्री को बधाई देता हूं कि उन्होंने इसे इस सदन में प्रस्तुत किया। इस सदन के लिये और हम सदस्यों के लिये यह बड़े गौरव की बात है कि आज इस क्रान्तिकारी बिल को हम पास करने जा रहे है। इस बिल से जो गरीब और पिछड़े हुए लोग है, उनको न्याय मिलेगा और तरक्की करने का मौका मिलेगा। पहले भी कानून बहुत से पास होते थे, सूबके विधान मण्डल और केन्द्र कानून बनाते थे, लेकिन वह कानून गरीबों की झोंपड़ी तक पहुचते नहीं थे। इसका नतीजा यह होता था कि जो साहूकार और पैसे वाले लोग है, वह वकीलों को पैसा देकर न्याय पर पा लेते थे और वह न्याय गरीबों को मिलता नही था।

हमारे प्राइम मिनिस्टर की अपील पर पिछले साल हमारे वकील मित्रों ने सेटर में एक बेशनल लीगल एड कमेटी बनाई। विभिन्न सूबों और डिस्ट्रिक्ट्स में उसकी शाखाये कायम की गईं। मेरे इलके, भिवंडी, जिला थाना, में एक शाखा कायम है और वह वहां के आदिवासी क्षेत्रों में लीगल एड उपलब्ध करने के सम्बन्ध में काम कर रही हैं। श्री प्रभाकर हेगड़े वहां पर डिस्ट्रिक्ट लीगल एड कमेटी के चेयरमैन है और वह अपने साथियों के सा एक साल से इस काम में लगे हुए है। इस के फलस्वरूप आदिवासियों में बड़ी जागृति उत्पन्न हुई हैं। हमने वहां पर लोक न्यायालय कायम किये है। यद्यपि इसके लिए हमें कोई कानूनी अधिकार प्राप्त नहीं था, लेकिन लोगों की सहमति से हमने यह कदम उठाया। लोक न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय कम्प्लेंट करने वाले, और जिसके विरुद्ध कम्प्लेंट हैं, उन दोनों ने मान लिये। पहले जिस तरह न्याय पंचायतें चलती थीं उसी तरह हम इन लोक न्यायालयों को चला रहे है और लोगों को जल्दी और सस्ता न्याय दिलाने की कोशिश कर रहे है। मैं चाहता हूं कि कानून मन्त्री सरकार की ओर से इस सम्बन्ध में सहायता देने की व्यवस्था करें।

पिछले हफ्ते थाना के ला कालेज के चालीस स्टूडेंट्स एक आदिवासी क्षेत्र कासा गांव में गये। सात दिन तक वे आदिवासियों की झोंपड़ियों में जाकर उनको कानूनों के सम्बन्ध में जानकारी देते रहे। सुप्रीम कोर्ट के पिछले न्यायाधीश श्री भगवती, उन स्टूडेंट्स के काम को देख कर बहुत प्रभावित हुए। आवश्यकता इस बात की हैं कि इस काम को आगे बढाया जाये। सरकार की तरफ से नेशनल लीगल एड कमेटी की शाखाओं को सहायता मिलनी चाहिये।

हमने ने इस संशोधन के द्वारा संविधान में फण्डामेंटल राइट्स और डायरेक्टिव प्रिंसिपल्ज के साथ फंडामेंटल ड्यूटीज को रखा हैं। उस से ट्रेड यूनियन्स में काम करने वाले लोगों में यह डर पैदा हुआ कि उन के काम में बाधा डाली जायेगी। कुछ दिन पहले महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एम० एल० एज०, एम० पीज० और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यों की एक मीटिंग बुलाई, जिस में संविधान (चालीसवां) संशोधन पर चर्चा हुई। वहां इनकटक के एक यूनियन कार्यकर्ता, श्री वसंत होशिंग, एम० एल० ए०, ने यह आशंका व्यक्त की कि इन ड्यूटीज के द्वारा ट्रेड यूनियन एक्टिविटीज पर पाबन्दी लगाई जायेगी। मन्त्रिगण ने उन को समझाया कि इस संशोधन का इस्तेमाल ट्रेड यूनियन का काम बन्द करने के लिये नहीं किया जायेगा। मगर कुछ ऐसी घटनायें होती हैं जिन से यह डर पैदा होता है कि हमारे ट्रेड यूनियन का काम करने के राइटफुल अधिकार में बाधा डाली जायेगी।

बेड़ी कांस्टीट्यूएन्सी में अम्बरनाथ एक मजदूर क्षेत्र है, जहां बड़ी बड़ी इण्डस्ट्रीज हैं। मैं दो दिन पहले वहां इस संविधान संशोधन का विवेचन करने के लिए गया और वहां के मजदूर कार्यकर्ताओं से मिला। वहां पर एक मजदूर नेता, इण्टक के कार्यकर्ता और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, श्री सलामत राय, को मीसा में बन्द किया गया है। मैं नहीं कह सकता हूं कि उन को गिरफ्तार करना गलत था। हो सकता है कि सरकारी अधिकारियों का यह मत हो कि वह प्राडक्शन में बाधा डालते हैं और उनकी गतिविधियों से शान्ति को खतरा है, इस लिए उनको गिरफ्तार करना जरूरी है। लेकिन मेरा कहना यह है कि जो कानून मजदूर संगठनों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, वह मिल-मालिकों और मैनेजमेंट के लिए भी इस्तेमाल करना चाहिए। दो महीने पहले सेन्चरी देयन की फैक्ट्री में लाक-आउट डिक्लेयर किया गया। यह लाक-आउट इमर्जेंसी में डिकलेयर किया गया. लेकिन फिर भी मैनेजमेंट के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। हमारे नेतागण और सरकारी अधिकारियों ने उस को मनाने की कोशिश की। लेकिन जब मजदूर संगठन ने कुछ कदम उठाया, तो मीसा का इस्तेमाल किया गया।

मैं कानून मन्त्री और होम मिनिस्टर से यह अनुरोध करूंगा कि इस मामले की जांच-पड़ताल होनी चाहिए, क्योंकि अगर मजदूर वर्ग पर ऐसा दबाव डाला जायेगा, तो एक्सप्लायट करने वाले मिल-मालिक और सख्ती से काम लेंगे। यह नहीं होना चाहिए। मेरा अनुरोध है कि महाराष्ट्र गवर्नमेंट और केन्द्रीय सरकार इस घटना की पूरी जांच-पड़ताल करे, ताकि मजदूरों के साथ अन्याय न हो।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। आप ने मुझे मौका दिया, उस के लिए बहुत धन्यवाद।

श्री नरसिंह नारायण पांडे (गोरखपुर): अध्यक्ष महोदय, जो संशोधन विधेयक आज पेश है मैं उसका समर्थन करता हूं। मैं ऐसा मानता हूं कि एक ऐतिहासिक महत्व का यह विधेयक है। मैं इस विधेयक को उस पहलू से देखना चाहता हूं जिस पहलू से इस विधेयक के प्रीएम्बल में सोशलिज्म और सेकुलरिज्म शब्द जोड़े गए हैं और उन की व्याख्या की गई है। आप जानते है कि देश में 80 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं और मैं उन शब्दों को यहां उद्धृत करना चाहता हूं जो मेटकाफ ने जंगे आजादी के बाद जो गांवों के किसानों की हालत होती है उसके सम्बन्ध में कहे हैं:

"Destiny after destiny tumbles down. Revolution succeeds to revolution Hindu, Pathan, Moghul, Maratha, Sikh, English are all masters in turns. But the village communities remain the same. In times of trouble, they arm and fortify themselves. A hostile army passes through the country. The village communities collect their little cattle within their walls, and let the enemy pass unprovoked."

मैं इस विधान के सम्बन्ध में जिस में सोशलिज्म और सेकुलरिज्म शब्द प्रीएम्बल में लिखे गए हैं विधि मन्त्री से जानना चाहता हूं कि आज जो विधान में संशोधन किया जा रहा है क्या उस में उस का रेफ्लेक्शन है? क्या आज भी बहुत से आर्टिकल्स ऐसे हैं जिनमें संशोधन और परिवर्द्धन की जरूरत है? और यदि है तो विधान कोई स्टेटिक नहीं होता। इस संसद् को पूरी ताकत है, यह ऐडल्ट फ्रैंचाइज से चुनी हुई संसद् है जिस को यह शक्ति है कि वह विधान की किसी भी धारा को समय के अनुसार बदल सकती है। जब मैं यह देखता हूं कि राइट आफ प्रापर्टी का सवाल ज्यों का त्यों है, इण्डिविजुअल प्रापर्टी का सवाल ज्यों का त्यों विधान में रखा गया है और उस पर किसी तरह की कोई व्याख्या नहीं की गई है, तो मैं जानता हूं कि आज जो मैं ने उद्धृत किया या जो प्रीएम्बल में सोशलिज्म,

[श्री नर्सिंह नारायण पांडे]

सेकुलरिज्म और डेमोक्रेसी की बात कही जा रही है उस के बारे में हमें और विचार करना पड़ेगा। हमें इसे देखना पड़ेगा। यह कहा जाता है कि हमारे ये फण्डामेंटल राइट्स हैं लेकिन कांस्टीट्यूशन में डाक्टर अम्बेडकर ने कहा कि किसी तरह का कोई फण्डामेंटल राइट नहीं है। इस विधान में सब से फण्डामेंटल अगर कोई चीज है तो वह इस देश की जनता है। जो जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं वही इस देश के बेसिक फीचर हैं। बेसिक फीचर हैं पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी और देश की जनता। उस के द्वारा जो लोग लोक सभा में या विधान सभाओं में चुन कर आते हैं वही जनता का प्रतिनिधित्व करते हैं और उन्हीं को अधिकार है कि वे कानून बनाएं। तो जो जनता के लिये कानून बनाते हैं, जो विल आफ दि पीपल को एक्सप्रेस करते हैं वही बेसिक हैं और वही बेसिक फीचर हैं। इस के अलावा कोई चीज न तो फण्डामेंटल है और न कोई नान-फण्डामेंटल है और अगर कोई विधान को बदल सकता है तो वह यह पार्लियामेंट बदल सकती है जैसा कि विधि मन्त्री ने साफ तरीके से आर्टिकल 368 में वर्णन किया है कि इस संसद् को पूरी शक्ति है, वह कांस्टीट्यूशन के किसी भी सेक्शन को अमेंड कर सकती है। लेकिन इसके बाद जरूरत इस बात की है कि जब हम ने सोशलिज्म और सेकुलरिज्म का निश्चय किया तो हमें यह देखना पड़ेगा कि आज हमारे देश में क्या हो रहा है? आज हमारे देश में नाना प्रकार की ऐसी शक्तियां हैं जिन की तरफ सुभद्रा जी ने इशारा किया, चाहे वह जमायते इस्लामी हो, चाहे हिन्दू महा सभा हो चाहे जनसंघ का मिलिटेंट विंग आर०एस०एस० हो, ये शक्तियां देश की इंटेग्रिटी को खतरा पहुंचाना चाहती हैं। हम ने जहां पर फण्डामेंटल ड्यूटीज को रखा है जहां हम ने यह कहा—"To abjure Communalism" वहां मैं यह जरूर चाहता हूं कि इस बात की भी व्यवस्था होनी चाहिए क्योंकि 29—30 साल का इतिहास इस देश का चला आ रहा है कि आज गांवों का आदमी या शहर का गरीब आदमी किसी न किसी तरह कम्युनलिज्म का शिकार ऐसे उपद्रवों के बाद होता है। साम्प्रदायिकता जब होती है, सबसे ज्यादा जो उसका असर पड़ता है वह इस देश के गरीब आदमियों पर ही पड़ता है। उन लोगों का मैं प्रोटेक्शन चाहता हूं। आज इस सदन में मैं कहना चाहता हूं कि ऐसे लोग जो कम्युनलिज्म को बढ़ावा देते हैं उनको डी-फ्रेंचाइज करने के लिए डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स में या कहीं न कहीं पर व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसे लोग जो देश की यूनिटी, इन्टेग्रिटी के खिलाफ ऐसे तरीके से अपना राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस प्रकार की स्थिति पैदा करते हैं, इस देश में कम्युनलिज्म को बढ़ावा देते हैं, कम्युनलिज्म के आधार पर राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं मैं समझता हूं वह इस देश की इन्टेग्रिटी के लिए, यूनिटी के लिए और इस देश की सावरेण्टी के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए ऐसे लोगों के लिए इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए। मैं आज साफ तरीके से कहना चाहता हूं आज 27 साल में बावजूद तमाम सैक्यूलर और डिमोक्रेटिक पार्टीज के प्रचार और प्रसार के और सामाजिक आन्दोलनों के और समझाने बुझाने के बाद भी इस देश में कम्युनलिज्म चलती है, साम्प्रदायिकता उभारी जाती है, नाना प्रकार से उसको बढ़ावा दिया जाता है इसलिए वह कांस्टीट्यूशन जो समाजवादी और सेक्यूलर कांस्टीट्यूशन है उसके डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स में या कहीं न कहीं इस बात की व्यवस्था होनी चाहिए कि आज इस तरह के जो लोग इस देश में इस तरह की भावना पैदा करते हैं उनको डी-फ्रेंचाइज किया जायेगा, उनको बालिग मताधिकार से वंचित किया जायेगा।

दूसरी बात यह है कि मैं मानता हूं जैसा डा० अम्बेडकर ने कहा था यह विधान

जो बनाया गया था वह 1935 ऐक्ट और इन्डेपेंडेन्स ऐक्ट की तहत बनाया गया था लेकिन उस समय इस देश में हालात क्या थे ? उस समय इस देश में बड़े-बड़े राजा नवाब और दूसरी ऐसी बड़ी बड़ी ताकतें थीं जो इसको बनाने के लिए विधान निर्मात्री समिति में बैठी थीं, कुछ लोगों ने उसमें भाग लिया था और कुछ लोगों ने भाग नहीं लिया था। उसके बाद इंडिया का पार्टिशन हुआ और ड्राफ्ट कांस्टीट्यूशन आया। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि यह एक कम्प्रोमाइजिंग कांस्टीट्यूशन है और इसके बारे में विचार करने की जरूरत है। इसी पार्लियामेन्ट को इस पर विचार करने की जरूरत है।

श्रीमन् एक प्रश्न यह उठाया गया था कि ब्यूरोक्रैसी के बारे में हमारा इंस्ट्रूमेन्ट क्या हो जिससे हम सोशलिज्म और सेक्युलरिज्म की व्याख्या को ऐचीव कर सकें। आज मैं अपने उस आदरणीय साथी मिनिस्टर को कोट किए बिना नहीं रह सकता जोकि आज हमारे बीच में नहीं है जिन्होंने कहा था कि अगर जरूरत पड़ेगी तो कमिटेड जुडीशियरी और कमिटेड एग्जीक्यूटिव को रखना पड़ेगा। आज मैं कहना चाहता हू कि समय आ गया है जब विधि मंत्री को इस पर विचार करना पड़ेगा आज बहुत सी इंडिवीजुअल बातें मैं इमरजैन्सी के सम्बन्ध में कहना नही चाहता हूं लेकिन बहुत सी एग्जीक्यूटिव एथारिटीज ने अपनी पावर्स को मिसयूज किया है। हमारे कांस्टीट्यूशन में डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स और समाजवादी विचारों की रचना में एग्जीक्यूटिव एथारिटीज को जो योगदान देना चाहिए वह योगदान वह नहीं दे पा रही हैं। इसलिए आज हम अपनी एग्जीक्यूटिव को किस तरह से रिफ़ार्म करें, किस तरह से उसकी रचना करें जिससे कि वह हमारी सामाजिक, आर्थिक उपयोगिता को साबित कर सके—यह बड़ा विचारणीय प्रश्न है। आप इस कांस्टीट्यूशन में जिस तरह से चाहें परिवर्तन कर सकते हैं लेकिन अगर आपने एग्जीक्यूटिव को नहीं सुधारा तो सफलता नहीं मिल सकती है। आज एग्जीक्यूटिव को जो शक्ति मिल रही है उसका दुरुपयोग, जैसा कि अनेक साथियों ने कहा है, येन केन प्रकारेण किया जा रहा है। इसलिए सरकार को विचार करना होगा कि किस तरह से पावर्स को डी-सेन्ट्रलाइज करें जिससे जनता के प्रतिनिधियों के हाथ में वह शक्तियां रहें और सही तरीके से जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति हो सके तथा हम भारत के संविधान के अनुरूप चल सकें। इस प्रश्न पर विधि मंत्री को विचार करना पड़ेगा।

फ़ंडामेंटल राइट्स के बारे में बड़े पत्र अमरीका आदि देशों से बहुत लोगों के आये किन्तु वह कहां से आये और किस मार्ग से आये मैं उसमें नहीं जाना चाहता ? लेकिन मैं उस बात को जो डा० अम्बेडकर ने कांस्टिट्युएंट असेम्बली में फ़न्डामेंटल राइट्स के बारे मे कहा था, पुनः स्पष्ट करना चाहता हूं। हालांकि विधि मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी का मैं बहुत शुक्रिया अदा करता हूं, उन्होंने बहुत साफ शब्दों में इन चीजों को स्पष्ट किया है, लेकिन मैं उन चीजों को कहना चाहता हू—जिस समय आर्टिकल 13 कांस्टिट्युएंट असेम्बली के सामने आया था—अम्बेडकर साहब ने अमरीका के उस केस को कोट किया था —

In Gitlow Vs New York in which the issue was the constitutionality of a New York criminal anarchy law which purported to punish utterances calculated to bring about a violent change, the Supreme Court said:

> "It is a fundamental principle long established that the freedom of speech and of the Press which is secured by the Constitution does not confer an absolute right to speak or publish without responsibility whatever one may choose or an un-restricted and unbridled license that gives immunity for every possible use of language and prevents the punishment of those who abuse this freedom."

[श्री अरविंद नारायण पांडे]

इस से साफ साबित हो जाता है कि चाहे विचारों की बात हो, चाहे जिम्मेदारी की बात हो, चाहे इस देश में किसी तरह से अपने विचारों को रखने की बात हो, ये विचार जिम्मेदारी के साथ रखे जाने चाहिये, अगर जिम्मेदारी के साथ नहीं रखे जाते है तो चाहे व्यक्ति हो या कोई भी हो---डा० अम्बेडकर ने अमरीका की सुप्रीम कोर्ट के उस निर्णय को कोट करते हुए कहा था ---इस में आज लाइसेंस नहीं होना चाहिये ।

श्रीमन्, मैं आप का ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन मैं पुन विधि मंत्री जी से कहना चाहता हू—देश की भाषा हिन्दी है हिन्दी हमारी जुबान है, देश के रहने वालों की जुबान है, लोकशाही की जुबान है, लेकिन हमारा जो संविधान है, मुझे यह कहते हुए शर्म आती है, वह अंग्रेजी भाषा में है वह भाषा जिसे इस देश के केवल 2 प्रतिशत लोग बोलते हैं । अगर इस तरह से अंग्रेजी को हमारे देश के साथ जोड़ा गया, तो इस देश में हमारी जुबान की कोई कदर नहीं रह जायगी । दुनिया के तमाम समाजवादी देशों ने अपनी जुबान में अपने संविधान को बनाया है । आप रूस चले जाइये, दूसरे समाजवादी मुल्कों में चले जाइये, वहां के लोग अपनी जबान में बोलते हैं और अंग्रेजी या दूसरी भाषाओं में तर्जुमा होता है । मुझे आज यह कहते हुए दुख होता है कि 27 सालों की आजादी के बाद भी आज जो अंग्रेजी जुबान बोलता है, उस को ज्यादा प्रतिष्ठा मिलती है, जो मातृभाषा में बोलता है उस की कम प्रतिष्ठा होती है । विधि मंत्री जी को इस के बारे में गम्भीरता से विचार करना चाहिये, आज लोकशाही के लिये लोक-भाषा का होना नितान्त आवश्यक है और इस विधान में लोकशाही की भाषा हिन्दी को सर्वोच्च स्थान मिलना चाहिये ।

इन शब्दों के साथ अध्यक्ष महोदय, मैं आप का बहुत शुक्रिया अदा करता हू, आप ने मुझे बोलने का मौका दिया ।

SHRI M KALYANA SUNDARAM: (Tiruchirapalli): Sir, my Party has moved several amendments, opposed some of the clauses and even voted against some of the clauses In spite of that, we have decided to vote for the Bill as a whole. What are the reasons? We do realise that we are taking a great responsibility in giving full support to this Bill as it is today and as it has been finalised before this House We are aware that the forces which are trying to decry this amendment, are still very powerful and very active outside In spite of that my Party has decided to give support to this Bill

12 00 hrs

The main reason for our giving support is that the supremacy of this House has been assured and the parliamentary democracy in this country has been preserved The threat to our form of democracy was really serious So, my party feels greatly relieved that this threat, although not completely eliminated, has at least been warded off for the present and the supremacy of Parliament is being retained and the parliamentary form of government is being continued as a form of government for our country so long as there are no threats Whatever happens, my party is pledged to give full support to the parliamentary form of Government being continued in this country and thus increasing the powers of Parliament

Parliament, as expressing the will of the people, is supreme Judiciary has no business to come in confrontation with Parliament. It should be the business of Parliament to decide what should be the socio-economic reforms, and not of any other agency outside this House All forces are welcome to campaign for their views

on all topics, but no force outside this House can place themselves above this House. That is our attitude, and that is why, in spite of all the negative features, some of which are very serious, still my party is inclined, feels it its duty, to give support to this Bill.

Some of the amendments given notice of by my party were with a view to give full dimension to the aims and objectives, to give fuller content and meaning to our democracy. We are now passing the Constitution (Forty-second Amendment) Bill, which at the time of introduction was called the Constitution (Forty-fourth Amendment) Bill. During these 26 years of the existence, the Constitution has been amended 41 times before.

We have now added the two concepts of "socialism" and "secularism". We have no illusion that by adding these two words in the preamble, from tomorrow our country will be on the high road to socialism. But we are convinced of one thing, that the working class, the peasantry, the intellectuals, those who want to take our country forward, will agree with the aim of socialism. The symptoms that we are seeing in our country, the struggles that are taking place, are to bring about the necessary socio-economic changes towards the goal of socialism. Ultimately, it is the toiling people who are going to build socialism. Their co-operation is necessary. They must be roused and they must be involved in the struggle against all the forces which are working against the idea of socialism. We have chosen our own path. There is no need for us to imitate or copy from any other country. But, at the same time, we must be humble enough to learn from the experience of other countries which have built socialism, which have struggled to build socialism. We must know who are our enemies, not only from outside but also from inside.

The enemies of socialism inside will have their links with the enemies outside. So, if we want to build socialism, we must know the economic factors which are operating against the concept of socialism. On these points we may have differences of opinion with the ruling party, but we are sure that the ruling party also will gradually change as they have been changing during the last 21 years. So, with more experience, they will have to change. We are not opposed to all rights of property, that is a misconception. Under socialism, private property necessary for the living of the man will be ensured. What we are firmly opposed to and determined to fight is the private ownership of public property and the means of production. That is what we are against. If we fail to abolish private ownership of the means of production, the word "socialism" will only be an illusion This is a very fundamental question. That is why my party was so keen on moving an amendment in that direction. It has been defeated. In our experience we have seen that what we say is never immediately accepted, it is opposed, but ultimately it will be accepted. We are confident of that That faith gives us confidence and courage to support this Bill. If not this year, if not this Parliament, another Parliament will accept it. The history of our country will confirm it.

So, the means of production in the country must be nationalised and the day will come when even our Congress friends will also be agitating for it. Today I saw a news item that some Congress Members are giving a resolution to the AICC for the nationalisation of sugar industry. Sugar, textiles, etc. should be nationalised. Where is the difficulty? So, step by step we must see that the private monopolist control over the means of production is abolished. That is a very vital thing. That is why we gave some amendments and fought for this.

[Shri M. Kalyana Sundaram]

Another thing on which we are keen is the unity of the country. The forces of de-stabilisation and the forces of separatism and linguistic chauvinism are still active. They are attacking this Bill tooth and nail. They are adopting all forms of whispering and illegal propaganda against this Bill. We have to face and counter that propaganda. All the speeches here, however eloquent they may be, are no substitute for countering the activities of the forces of de-stabilisation and separatism outside the House. They must be countered by the unity of progressive and democratic forces, taking the spirit of this Constitution and explaining it to the people. That task remains to be done.

Education has been brought into the Concurrent List by this Bill. My party supports it. In fact, we have even suggested that agriculture and other things should also be included. This does not mean that this is against the interests of the State. On the question of language, we must proceed very cautiously. The formula laid down and the assurance given by the late Prime Minister, Pandit Jawaharlal Nehru, must be borne in mind.

You have to do it if you want to advance towards genuine national unity and the integration of the nation. The other day, our Prime Minister was impressing upon the unity of the country in diversity. English and Hindi, both must continue to be the official languages till the non-Hindi speaking people agree. This is a very important factor and should not be lost sight of. It is easy to sit here and say this thing and that thing. I am one of those who have faced this situation and we will face it.

If there is orderliness in Tamil Nadu, it is not because of police and army; it is because of the healthy attitude of the progressive forces standing for unity and national integration. I warn you about the socio-economic factors which give rise to such separatist forces. They have not disappeared. This fact must be borne in mind. This thing must be studied very carefully and the Tamil Nadu people must be helped in this respect. National unity is not just sentimental. The economic development lies through national unity.

Today, we are faced with the worst drought situation. If we do not get Cauvery water, then what the people will think about national unity. A large number of people are living below the poverty line. The economic development of Tamil Nadu should be helped by the neighbouring States and by the Centre.

Even under the President's Rule there should be some convention for giving advice. Whose advice will be taken? Now, you have postponed elections for two more years. What will happen to the big State with a population of nearly 4-1/2 crores and with such complex and complicated economic and political situation? How will they discharge their functions properly? Who will give them political guidance? If they look for advice from Delhi every time, then there will be inordinate delay. Delhi itself suffers from indecision.

I am sorry to say and warn you that the danger from the forces of de-stabilisation has not receded. How to rectify it? It should be rectified. You must appoint some committee. The Consultative Committee is not enough which meets once in three months and discusses about 200 items on the agenda. There should be an all-Party committee which supports the policy and the economic programme. The Governor of the State should act upon the advice given by this committee. There are disruptive

and separatist forces which are very active. The situation in Tamil Nadu is not as happy as you imagine sitting here. It is very sensitive. All the benefits that we got after the imposition of the President's Rule are in danger of being wiped out. With these words, I finish my speech.

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneswar): Mr. Speaker, Sir, I am grateful to you for giving me a chance to participate in this debate.

The present decade in our country has been full of epoch-making events. Our people bade good-bye to the forces of *status quo-ism* in the great conflict of 1969 and, I think, we have bade good-bye to those forces for all time to come. Since then, we have started on our long march to establish a socialist order through democratic means and processes to end poverty, exploitation and degradation in our society and to keep ourselves, at the same time, abreast of times. One feels privileged to find that after all this long period of conflict, stresses and strains, today we are going to pass this new amendment to the Constitution and I feel privileged to get this chance of participating in this great process that we are undertaking.

The present amendment of the Constitution, I consider, is another glorious milestone in our goal to achieve emancipation of masses from long ages of penury, deprivation and poverty and to build a new society. I consider that the unity and integrity of India and the supremacy of Parliament, meaning thereby the people of this country, are the two essential foundations of our Constitution. By enacting these amendments, today, once again we are taking a historic measure and strengthening these foundations. Once Dr. Radhakrishnan, the great philosopher of India had said:

> "Poor people who wander about, find no work, no wages and starve, whose lives are a continual round of sore affliction and pinching poverty, cannot be proud of the Constitution or the laws."

Therefore, I think, the steps that we are taking are in keeping with the times and the aspirations of our people.

Today, by adopting these amendments, we are giving primacy to the Directive Principles of State Policy which aims at establishing a just society, free from exploitation and various social inequalities. The vast masses of our people who live below the poverty line shall have more confidence in our political system, party and Government as they will now find that their Constitution is not something which is far away from them, that it is not something like a deity which is to be merely worshipped in the temples but that this is their Constitution, the people's Constitution and it is their instrument to improve their lot. They will feel that with the help of the Constitution their representatives are trying their best to fulfil the promises that our party made to the people in 1971. In this light, I consider, that today we are fulfilling the promises that our Prime Minister, our party and our leaders gave to the people in 1971 which for various reasons could not be implemented. Today, we are implementing those promises given to the people.

This is what Pandit Nehru had said in the Constituent Assembly on November 11, 1948. I quote:

> "And remember this, that while we want this Constitution to be as solid as a permanent structure as we can make it, nevertheless there is no permanence in Constitution. There should be a certain flexibility. If you make anything rigid and permanent, you stop a nation's growth, the growth of living vital organic people. Therefore, it has to be flexible."

[Shri Chintamani Panigrahi]

Today, the Constitution has stood the test of time. In the last decade, whatever changes have taken place in this country, our Constitution has imbibed them and it has tried to uphold the rights and the aspirations of the people.

I come from a State where 1200 sculptors built the Konarak Temple and spent 12 years to complete it. Like that, as good sculptors, we have chiselled out 103 statues in the form of amendments in this grand structure of our Constitution that was given to us in 1950 and even then this grand structure of our Constitution stands in its grandeur and invites us again, and again, to look into it and amend it to suit the needs and the aspirations of the people Still, I think the Constitution maintains its majestic grandeur and it invites us again and again to go to the people and to look to their needs and, if anything is found lacking, to complete it again in the form of other amendments. A marching, vibrant nation is always restless and a Constitution which represents its aspirations can never be static. In olden times our people went to various places of pilgrimage like Jagannath Puri, Rameswar and Dwaraka By man's ingenuity, milestones have been erected on the way, but these pilgrims who traverse these paths do not stop at every milestone to reach their destination Man put milestones on the way only to measure the distance a pilgrim has travelled Milestones are not millstones on his neck for him to be crushed under its weight A pilgrim who wants to reach his goal will not be deterred from his march by these milestones Our Constitution is also not a millstone around our neck nor a road-block When we achieved independence and set out to frame the Constitution ours was a wholly feudal society and with the aid and assistance of our Constitution and under its democratic processes our people have fully broken the stranglehold of feudalism in our society and country. We have also taken revolutionary measures to break the stranglehold of monopoly capital on our credit systems and various other means of production.

It is relevant to ask, at this point whether the Constitution that we have framed, the instrument which we have forged to break the stranglehold of feudalistic economy or feudal society would be adequate for our society when we are passing through democratic processes and when we have declared that we shall be a socialist Republic. We declared that we shall have a socialist Republic in 1976, after completing other phases of social transformation in the last 26 years. This is a great and historic achievement, and I can venture to say, if you will permit me, that we have entered a new phase of our nation-building process and this second phase stands committed to socialism which can be termed as second Republic To compete this task, we may take another 24 years; let us try to complete it by 2000 AD.

I was surprised to hear someone on the other side say that some private citizens had framed the five-point programme and he is not bothered about it I am simply astounded at the kind of knowledge he has. New revolutionary ideas are always from private persons of the Congress Party and they get into the national policies. The Prime Minister herself declared the 20-point and five point as national programmes. I think, therefore, that there should not be any misgivings on this score. Our Constitution now stands committed to ensure workers' participation in the management, to take care of the healthy growth of youth and children.

I would like to conclude by quoting the prophetic words of the great sage and revolutionary Shri Aurobindo. He said

"India must be re-born, because her re-birth is demanded by the future of the world."

And he exhorted the countrymen:

"Work that she may prosper; suffer that she may rejoice"

Shri Aurobindo in his earlier days in a letter to his wife, had written that he has three madnesses and one of these madnesses was that people see their country as a lifeless material object, in terms of fields, forests and rivers, but he said:

"I know my country as my mother and I worship and adore her.'

Therefore, let us worship our country as mother, and let us perform the duties that have been enshrined in the Constitution. This is a new phase that we have entered. Let us make it a success. I give full suport to this measure, and I am sure the country will stand by it.

श्री सुख देव प्रशाद वर्मा (नवादा) : अध्यक्ष महोदय मैं संविधान, (चवालीसवां संशोधन) विधेयक का न केवल हृदय से समर्थन करता हूं, बल्कि उस का स्वागत करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता हूं और इस के लिए प्रधान मंत्री, विधि मंत्री और भारत सरकार को बधाई देता हूं, जिन्होंने बहुत उचित समय पर यह कदम उठाया है । हालांकि संविधान में और भी संशोधन करने की आवश्यकता है, लेकिन इस संशोधन विधेयक के द्वारा जो भी प्रावधान किये गये है, वे बहुत सराहनीय और स्वागत योग्य हैं ।

यह बड़े संतोष का विषय है कि हमारे प्रधान मंत्री ने ठीक समय पर संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता को महसूस किया । कुशल डाक्टर वही है, जो रोगी को देख कर रोग की पहचान करे और तुरन्त उस का निदान करे । इसी प्रकार सफल नेता वही है, जो देश की जनता की आवश्यकताओं को समझ कर उन को पूरा करने के लिए समय पर पग उठाये । प्रधान मंत्री एक लम्बे अर्से से जो सराहनीय कार्य करती आ रही हैं, उसी का यह फल है कि आज संविधान का चवालीसवां संशोधन हमारे सामने है ।

यह बहुत सुन्दर बात है कि संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी" और धर्मनिरपेक्ष" शब्दों को जोड़ा गया है । मगर हमारे देश में जो आर्थिक और सामाजिक विषमता है, हम उस को दूर करने में कहां तक सफल हो सकेंगे यह विचारणीय प्रश्न राष्ट्र के सामने है । इस संशोधन का उद्देश्य कुछ लोगों को सुविधायें देना नहीं है, बल्कि एक मजबूत राष्ट्र के रूप में भारत का निर्माण करना है । और भारत तब तक एक मजबूत राष्ट्र नहीं बन सकेगा, जब तक उस के अस्सी प्रतिशत लोगों की स्थिति में सुधार नहीं होगा । जैसा कि कई बार कहा जाता है, हमारे समाज की बनावट ऐसी है कि एक तरफ लोग खाते-खाते मर रहे है और दूसरी तरफ खाने के बगैर मर रहे हैं ।

जब हम समाज की इस बनावट को बदल देंगे और खेतों खलिहानों तथा कारखानों में परिश्रम करने वाले लोगों और धंधे की फिक्र में मारे-मारे घूम रहे पढ़े-लिखे बेकार नौजवानों के लिए कम से कम इतने साधन जुटा देंगे कि वे अपनी जिन्दगी को सही ढंग से बिता सकें, तभी हमारा राष्ट्र मजबूत बन सकेगा । आज क्या हालत है ? गांवों में रहने वाले छोटे किसान और खेतिहर मजदूर परिश्रम करते हैं, मगर सतांईस साल की आजादी के बाद भी उन मेहनतकश लोगों को अपनी मेहनत का उचित फल नहीं मिल रहा है और वे विकास तथा प्रगति के सभी अवसरों से वंचित हैं ।

अनुसूचित जातियों और जनजातियों के सम्बन्ध में संविधान में पहले से प्रावधान रहे है और उनको ऊपर उठाने के सम्बन्ध में कुछ प्रयत्न भी हुए हैं । यह बात नहीं कि प्रयत्न नहीं हुआ है, प्रयत्न हुआ है और होता जा रहा है किन्तु मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहता हूं कि उसी संविधान में अनुसूचित

[श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा]

जाति और अनुसूचित जनजाति के साथ अन्य पिछड़े वर्ग के लोग भी पड़े हुए हैं जिनकी व्यवस्था के लिये संविधान में जिक्र है जो देश के अन्दर बहुत बड़ी तादाद में हैं, जो हरिजनों से भी दुर्बल अवस्था में हैं, उनके लिये आज हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उनकी कोई व्यवस्था हम नहीं कर पा रहे है। आज संविधान की वह धारा जिसमें इन को रखा गया है सूती पड़ी है। इन तमाम चीजों को देखना पड़ेगा। हिन्दुस्तान के अन्दर हमारी प्रधान मंत्री जी ने संकल्प लिया है गरीबी मिटाने का तो यह देखना होगा कि ऐसे तमाम वर्गों का उत्थान हो, उनकी हालत में भी खुशहाली आए और उन लोगों की ही खुशहाली के लिए भी यह संविधान संशोधन किया गया है। लेकिन संविधान में संशोधन करने से ही सारी समस्याओं का समाधान हो जाता तो बड़ी खुशी की बात थी। किन्तु इस संविधान को कार्यान्वित करने वाला जो आपकी मशीनरी है, कार्यपालिका और न्यायपालिका है उसका दिमाग जो हमारी प्रधान मंत्री या विधि मंत्री सोचते है, या जो हमारे लोक सभा के सदस्य सोचते हैं उसके अनुकूल कार्य करने के लिए सक्षम है या नहीं है, इस बात को देखना होगा। अगर सक्षम नही है तो सक्षम बनाने का उपाय करना होगा। तभी जाकर इस संविधान के कार्यान्वयन मे सफलता होगी। अगर ये उसके लिए सक्षम नही हैं तो संविधान के संशोधन से देश की समस्या का समाधान नही हो सकता है। समाधान अगर करना है तो हमें यह देखना होगा कि कार्यपालिका की यानी प्रशासनीय सरकारी यंत्र की मनोवृत्ति में उसके अनुकूल आवश्यक परिवर्तन हम लाए है या नही।

अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं और मै भी जानता हूं कि स्वराज्य की लड़ाई जब चल रही थी उस वक्त जो लोग अमन सभा करते थे और अंग्रेजी राज को रखने की साजिश कर रहे थे स्वराज्य के बाद वे राष्ट्रवादी बन गए हैं और उसी समाज से यह कार्यपालिका आई है। इसलिए मैं यह समझता हूं कि उनकी मनःस्थिति को आज उस दृष्टिकोण से चेंज करना पड़ेगा जिस दृष्टिकोण से हम स्वराज्य की लड़ाई लड रहे थे। संविधान मे संशोधन कोई नया नही है। फैजपुर और कराची कांग्रेस का प्रस्ताव स्वराज्य के पहले का है और हम बार बार उसको दोहराते आए हैं। कांग्रेस के विभाजन का मूल कारण भी यही है कि प्रधान मंत्री चाहती थीं कि सारे जो कांग्रेस के प्रस्ताव है स्वराज्य के पहले से लेकर अब तक के जो फाइलों में पड़े हैं वे जमीन पर उतरें। इसके लिए यह विभाजन हुआ। विभाजन के बाद ऐसे लोग जो इस से सहमत नहीं थे बाहर चले गए लेकिन जो आपकी मशीनरी है उसमें भी आज ऐसे लोग मौजूद हैं। इसमे मुझे थोडा दुख तो जरूर होता है लेकिन मुझे विश्वास है अपनी नेता पर कि इस कार्य को करेगी। उस मशीनरी को आर्टिकल 311 के अन्तर्गत जो प्रदत्त शक्तियां है उनके सम्बन्ध मे हमारी कांग्रेस बैंचेज से भी विचार व्यक्त किए गए। वह सरकार को मान्य नही हुए। लेकिन सरकार को मान्य न हों, इस की मुझे चिन्ता नही, मुझे चिन्ता इस बात की है कि उन्हे इस कार्य के अनुकूल बनाया जाय। आज प्रधान मंत्री के 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम ने, श्री संजय गांधी के पांच सूत्री कार्यक्रम ने देश की आम जनता एवं जवानों में और देश के गरीब वर्गों में एक नया उत्साह पैदा किया है। वे जाग गए है और उनकी जागरूकता का परिचय है कि यह संविधान का संशोधन आया है। लेकिन यह सोने में सुगन्ध की बात होती अगर व्यक्तिगत व्यक्तिगत सम्पत्ति के सम्बन्ध में जो मूलभूत अधिकार हैं उनको समाप्त करने के रास्ते पर हम चलते।

अगर ऐसा इसमें होता तो बड़ी खुशी की बात होती ।

समवर्ती सूची में शिक्षा को जो आपने रखा यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। शिक्षा को समवर्ती सूची में रखना जरूरी है लेकिन कृषि जिसके मातहत भूमि सुधार, अन्न उत्पादन आदि बहुत सी चीजें आती हैं उस को भी समवर्ती सूची में न लाने से बहुतेरे लोगों में थोड़ी निराशा हुई है। इसलिए मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर गौर करे ।

साथ ही साथ राष्ट्रभाषा के सम्बन्ध में आज माननीय सदस्यों ने, सही बात कही कि हमारा दर्पण है संविधान और उसमें वह अपना चेहरा नहीं देखती है तो उसे निराशा होती है इसलिए राष्ट्रभाषा जो इस देश की लोक भाषा है उसको अवश्य स्थान मिलना चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं फिर एक बार इस आशा के साथ समर्थन करता हूं कि शीघ्र ही हमारी प्रधान मंत्री, और विधि मंत्री, जैसा आपने संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और धर्म निरपेक्ष शब्दों को रखा है, तत्काल दूसरा संशोधन विधेयक लाकर इसको और अनुकूल बनायेंगे ताकि देश में 80 प्रतिशत जो गरीब लोग हैं जो कि शोषण से कराह रहे हैं वह शोषणमुक्त हो सकेंगे । मुझे आशा है ऐसे लोगों की रक्षा के लिए आप शीघ्र कदम उठायेंगे ।

SHRI M V KRISHNAPPA (Hoskote) I am very glad to suport the 44th Amendment After the third reading will be 103rd amendment of the Constitution Some of us one times are suprised why has there been 103 amendments in the course of 27 years? Did the respected, esteemed founding fathers of the Constitution not have so much of foresight to see the coming future and the development? It is also felt, if they would have kept the spirit and the substance of this very amendment as a part of the whole Constitution, India would have made much of progress by this time and we would have had lesser problems As was explained by some of our friends, the very character of the Constituent Assembly which framed this Constitution was peculiar There were no elected representatives at that time as most of them were nominated from certain places, such as Rajas, Nawabs etc The only redeeming feature of the Constituent Assembly was that our vetoran Congress leaders were there Men like Pandit Jawaharlal Nehru had to compromise on the very very fundamental and basic issues to bring unanimity in that Constitution. One of the basic and fundamental things on which he had a compromise was caste system But caste system is still the cancer of the Indian body-politic It is eating the bones of the Indian society We have not abolished it Even to day after 27 years of democracy, Yadav votes for Yadav, Reddi votes for Reddi Vochalika votes for Vochalike Mudahar votes for Mudaliar Where is the democracy in this country? Do we call it a casteless and classless society? Caste must go if India has to be a real democratic country

The second thing on which Nehru compromised was the bureaucracy There were so many ICS people Even the people who represented constituencies were IAS and ICS people He gave the greatest protection to them In the world you see either the communist or capitalist countries Bureaucracy had as much of freedom in this country as they have in any other country In a communist country when they come to power, they put their own party men

In capitalist democracy, when Carter is elected, he will bring thousands of his own persons to executive posts to carry out the promises which he made to the country But unfortunately in this country the ghosts of British bureaucracy still haunt the secretariats of Delhi and the States The Under-Secretary, Upper-Secretary, Down-

[Shri M. V. Krishnappa]

Secretary etc. are still there and it is they who execute our programmes, whether communist or socialist. It is no wonder the constitution had to undergo 103 changes so far. Do you think this is final? Not at all. Very soon we will have to go in for more amendments. That is why there is logic in the argument of many of my friends here who said that we may re-cast the constitution and have a constituent assembly for the purpose. Within 5 years there is going to be a younger generation in the country; the leadership is going to fall into the hands of the younger generation. The masses are getting awakened; people are getting enlightened; and our constitution must reflect their hopes and their aspirations.

The private property is something which should have a limit. There should have been a limit fixed to private property. They did not do it in the constitution. When we have unlimited private property on the one side corruption will go on like this. The big industrial houses which had an amount of Rs. 20 or Rs. 30 crores as assets during the time of our independence have now amassed Rs. 800 or Rs. 900 crores. It is also the same position with agriculture to some extent. The wealth of the country and the means of production (both in agriculture and in industry) is concentrated in a few hands in about ten per cent of the population and the rest ninety per cent still remain poor. The legal quibbling and constitutional quibbling may go on between high courts and supreme court but still the problem of the have-nots in the country has not been solved. The have-nots demand employment, food, and so on. The haves do not want to give away their wealth. They want fundamental rights to safeguard their own interests. Therefore I say that these legal and constitutional quibblings going on in the country regarding fundamental rights and so on are nothing but an impediment to wealth flowing from the haves to the have-nots. The people are awakening now and the rich people are bound to go.

If Indira Gandhi had not come on the scene in 1969-70 the Naxalites would have killed all the rich people in the country. They started from one place and they went on killing people. It is Indiraji who gave a halt to this movement. She said, 'I am going to do it constitutionally, I am going to do it peacefully, please don't take law into your own hands; we shall bring in the necessary legislation.' The people are awakening. Their aspirations and their wishes have to be reflected in the constitution and within 4 or 5 years we shall have a different constitution. With these words I support the Constitution Amendment Bill.

श्री राम देउरू (रामटेक): अध्यक्ष महोदय, यह संशोधन बिल बड़ी जल्दबाजी में पास हुआ है, जिसकी वजह से इसमें कई त्रुटियां रह गई हैं। जनता की मंशा को पूरा करने की दृष्टि से यह बिल पर्याप्त नहीं है। आज आजादी के बाद जो बढ़ती हुई विषमता, भूख, गरीबी और गरीबों का जो शोषण हो रहा है, उसको रोकने के लिये यह संशोधन सफल सिद्ध नहीं हो सकेगा। इसमें कई धाराओं की मूल-भूत संशोधन होना जरूरी था, परन्तु वह नहीं हुआ। हम यह उम्मीद करते थे कि एक संविधान सभा गठित की जाएगी और उसमें उन संशोधनों पर गहराई के साथ विचार करने के बाद संविधान में संशोधन किया जायेगा। परन्तु ऐसा नहीं किया गया। ऐसा करने की आवश्यकता हमें बहुत जल्दी महसूस होगी और इस पार्लियामेंट को भी महसूस होगी और एक काम्प्रीहैंसिव बिल संविधान में संशोधन करने का निकट भविष्य में लोक सभा में पारित करने के लिए लाया जायेगा। इसमें जो कुछ जोड़ना था उसके लिए हम ने भी एक संशोधन दिया था और वह यह था कि शोषण रहित, समाज का निर्माण हो। इस बिल में जो यह शब्द "सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतंत्रात्मक

धर्मनिरपेक्ष समाजवादी गणराज्य" रखे हैं, उनमें "शोषण रहित समाज" शब्द भी डालना बहुत जरूरी था क्योंकि जब तक शोषण हमारे देश में जारी रहेगा तब तक समाजवादी व्यवस्था का हम निर्माण नहीं कर सकते हैं। गांधी जी से भी इस देश में ऐसे ही समाज की अपेक्षा की थी। जिस देश में इस प्रकार का शोषण नहीं होगा और जो आदमी आर्थिक, शारीरिक, बुद्धि और किसी और भी कारण से कमजोर है, उसका कहीं भी शोषण नहीं होगा और ऐसे शोषण को गुनाह माना जायेगा, यह अपेक्षा गांधी जी ने की थी और वही अपेक्षा इस संशोधन विधेयक के द्वारा थी, लेकिन उसको इसमें स्वीकार नहीं किया गया है। क्या इसका मतलब यह नहीं है कि हम शोषण को जारी रखना चाहते हैं? आज हम देखते हैं कि पूंजीपति शोषण कर रहे हैं, बड़े-बड़े जमींदार शोषण कर रहे हैं, बड़ी जाति वाले शोषण कर रहे है, जिनके पास धन है वे शोषण कर रहे है, जिनके पास पावर है, वे शोषण कर रहे है और जिस तरह से एक बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है, वह सब हो रहा है। यह चीज मेरी समझ में नहीं आती है। इस चीज को जारी रखते हुए क्या हम समाजवाद ला सकेंगे। यह सब कुछ इस में नहीं है और इस संशोधन में काम का अधिकार भी नहीं है। इसमें अगर उचित प्राथमिक देने की व्यवस्था होती, तो बहुत अच्छा होता। यह सही है कि हम ने बहुत से अधिकार कम कर दिये हैं लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इसमें काम का अधिकार देने की बात होनी चाहिए थी। आज भी हम ने उस अधिकार को देने की व्यवस्था इस बिल में नहीं की है और जब तक हम ऐसा नहीं करते हम सही माने में समाजवाद नहीं ला सकते। जब तक जनता की इच्छा की पूर्ति नहीं होती और उसको न्याय भी सस्ता नहीं मिलता तब तक समाजवाद नहीं आ सकता है। इसमें जो व्यवस्था की गई है उसमें जनता को सस्ता न्याय नहीं मिल सकता, जोकि उसको इन 25 सालों में नहीं मिला है। इस संशोधन से राज्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बढ़ गई है। वे जनता की समस्याओं की ओर गौर से देखें और जनता की समस्याओं को बढ़ें और उनका हल निकालें और तुरन्त कार्यवाही करें।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस संशोधन विधेयक में क्लाज 5 में जो संशोधन है, उसको इतनी चतुराई से बनाया गया है कि कोई भी व्यक्ति संगठित होकर या व्यक्तिगत रूप से अपनी समस्या या दुःख के बारे में कुछ नहीं कह सकता। उसको वह सहते ही रहना पड़ेगा और इस संशोधन ने जनता के कान, आंख और वाचा पर बंधन लगा दिया है। गांधी जी ने सत्याग्रह की बात हमारे देश के सामने रखी थी। इतनी बड़ी अंग्रेजी सल्तनत को हटाने के लिए जो भी रास्ते अपनाये गये थे, उनसे स्पष्ट था कि जनता अपनी समस्या राज्यकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए जो रास्ता अपनाये, वह शान्तिमय सत्याग्रह का मार्ग था। उस चीज को जनता से छीन लिया गया है क्योंकि अगर वह कुछ बोलती है तो उसको राष्ट्र विरोधी कार्यवाही समझा जा सकता है। उसका वे लोग कोई भी मतलब निकाल सकते हैं। इस तरह से इतनी बड़ी पावर जो जनता के हाथ में होनी चाहिए थी, वह आप ने ले ली है और जनता को शासन कंगाल बनाता जा रहा है। बहुत उपेक्षित आदमियों को, छोटे आदमियों को उठाना है, कमजोर वर्गों को न्याय देना है, उनका उत्थान करना है, उनका संतुलित विकास करना है तो छोटे राज्य बहुत जरूरी हैं।

हम देखते हैं कि बड़े राज्यों में कैसी अव्यवस्था का निर्माण हो जाता है। राज्य का एक मंत्री पांच वर्षों में भी अपने राज्य की सभी पंचायतों के हेड क्वार्टर तक नहीं पहुंच सकता। क्या वह जनता की समस्याएं सुनेगा, कैसे उनको हल करेगा? छोटे

[श्री राम हेडाऊ]

राज्यों में ये बातें नहीं होने वाली हैं। किसी भी राज्य की राजधानी किसी भी गांव से दो सौ मील से दूर नहीं होनी चाहिए। (व्यवधान) दिल्ली की बात और है वह सारे देश की राजधानी है। अगर केन्द्र को मजबूत बनाना है तो भी छोटे राज्यों का निर्माण बहुत जरूरी है। हम देखते हैं कि बड़े राज्य केन्द्र पर गुर्राते हैं। छोटे राज्य अगर होंगे तो केन्द्र प्रभावशाली बनेगा। चारों तरफ इस देश में एकता दिखायी देगी।

छोटे राज्यों की मांग हम इसलिए रखते हैं कि जिससे प्रशासन शुद्ध हो, संतुलित विकास हो, सभी लोगों पर ध्यान देने की व्यवस्था हो जिससे लोग गरीब न रहें। छोटे राज्य गरीबों के हित में हैं। इसलिए इस सब को देखते हुए छोटे राज्यों के पुनर्गठन, पुनर्रचना का फिर से प्रयत्न करना चाहिए। इस बात को सामने रख कर प्रयत्न किया जाए कि इससे देश की एकता खतरे में नहीं पड़ती है बल्कि मजबूत होती है।

अध्यक्ष महोदय आप बाहर वाली बातों को ज्यादा न लाइये।

श्री राम हेडाऊ · यह जो संविधान में हम परिवर्तन कर रहे हैं और परिवर्तित संविधान को हमें जनता के बीच में उपयोग करना है इसलिए इसके नेतृत्व के बारे में भी सोचना बहुत जरूरी है। मेहनतकश लोगों का यह देश है। यह देश है गरीबों का; छोटे किसानों का, मजदूरों का, श्रमिकों का, हरिजनों का और गिरीजनों का। इस देश में 90 प्रतिशत लोग इस प्रकार के रहते हैं। किन्तु दुख इस बात का है कि जो पूंजीपति हैं, जातिवाद पर आश्रित हैं, उनके हाथ में सत्ता है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि दस प्रतिशत लोग 90 प्रतिशत पर राज्य कर रहे हैं। इन 90 प्रतिशत लोगों को इंसाफ मिलने की हमें गुंजाइश नहीं दिखायी देती। इसलिए मैं चाहता हूं कि 90 प्रतिशत लोगों का नेतृत्व सामने आए। ये युवक कांग्रेस में जब अधिकतर बड़े घराने के लोग हैं जमींदार लोग हैं ... (व्यवधान)

एक माननीय सदस्य . आपको युवक कांग्रेस के बारे में क्या पता है?

अध्यक्ष महोदय : मैंने आपको इसीलिए कहा था कि बिल पर बोलिए बाहर की बातें न लाइए, इसमें आपका भी समय बर्बाद होता है।

श्री राम हेडाऊ : मैंने अधिकतर लोग कहा है।

शासन पर इन पूंजीपतियों का और पूंजी का जो प्रभाव है इसको हमें दूर करना है। प्रशासन पर इसका प्रभाव है। जब तक आप इसको हटायेंगे नहीं तब तक कोई परिवर्तन आने वाला नहीं है।

आप समाजवाद की बात करते हैं। किन्तु जो साधन हैं वे मुट्ठीभर लोगों के हाथ मे ही सीमित हो गए हैं। जब तक ये साधन इन मुट्ठीभर लोगों के हाथों में से निकाल कर समाज के हाथ में नहीं दिये जायेंगे तब तक गरीब गरीब होता जायगा, अमीर अमीर होता जायगा। इस बात को भी हमे सोचना होगा।

ये जो हमारे यहां उद्योग हैं, जब हम आर्थिक स्वतंत्रता की बात करते हैं तो हमें छोटे छोटे उद्योगों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

काटेज इंडस्ट्री का गांधी जी ने दिलोजान से समर्थन किया था। सब काटेज इंडस्ट्री को आज खत्म किया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि इसका पुनरुत्थान किया जाए और हाथकरघे का राष्ट्रीयकरण किया जाए।

शिक्षा को केन्द्रीय विषय बना कर बहुत अच्छा काम किया गया है। इसका मैं हृदय से स्वागत करता हूं। एजूकेशन में क्वांटिटी, क्वालिटी, और इक्वैलिटी पर

बहुत जोर दिया जा रहा है। यह बहुत आवश्यक भी है। देश में करीकुलम एक सा होना चाहिये। ऐसा नहीं होना चाहिये कि देहात में अलग हो और शहर में अलग। वर्ग निर्माण करने की जो शिक्षा पद्धति है इसको खत्म किया जाए। देहात में भी वही शिक्षा दी जानी चाहिये जो शहर में बच्चों को दी जाती है। जो शिक्षा कानवेंट या पब्लिक स्कूल में मिलती है वही म्यूनिसिपैलिटी के प्राइमरी स्कूल में भी मिलनी चाहिये।

मैट्रिक तक की शिक्षा अनिवार्य कर दी जानी चाहिये। व्यक्तिगत मालिकी में जो शिक्षा संस्थायें चल रही हैं उनको बन्द किया जाना चाहिये। वहां बहुत भ्रष्टाचार हो रहा है। शिक्षकों को तनख्वाह भी पूरी और समय पर नहीं मिलती है। ग्रांट वे लोग ले लेते हैं लेकिन उनका व्यक्तिगत स्वार्थों के लिए दुरुपयोग करते है।

मुझे समय बहुत कम दिया जा रहा है। मैं समाप्त करता हूं। मैं इस बिल का आंशिक समर्थन करता हूं।

श्री चन्द्र सैलानी (हाथरस) आपने मुझे जो समय दिया है उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। 44वां संविधान संशोधन विधेयक जो पेश किया गया था वह अंतिम चरण में है और आज शाम तक पास हो जाएगा। मैं इसका स्वागत करता हूं। साथ ही मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता हूं कि संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करने की आवश्यकता है। जब से हम आजाद हुए हैं अनेक बार संविधान में संशोधन किए गए हैं। उसका नतीजा यह है कि आज भी समय परिस्थिति और समाज के अनुकूल जो विधान होना चाहिये था वह देश को नहीं मिल पाया है। मैं आशा करता हूं कि कानून मंत्री इस पर गहराई से विचार करेंगे और शीघ्र ही ऐसी व्यवस्था करेंगे ताकि विधान में आमूलचूल परिवर्तन हो सके। कितने ही दिनों से इस पर बहस चल रही है। मेरे पूर्व साथी जो बोले हैं उन्होंने विस्तार से अपने विचार यहां पर रखे हैं। जो एक आध बात रह गई है उस पर मैं आपका विशेष तौर से ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। तीस साल की आजादी के बाद भी देश में इस तरह की व्यवस्था चली आ रही है कि जो काम नहीं करते हैं, जो बेकार हैं, जो निकम्मे हैं और अगर उनको हरामखोर भी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी उनके ऊपर अंकुश अवश्य रखा जाना चाहिये। जिन को पता नहीं कब सूरज निकलता है कब डूबता है इसके बावजूद भी उनके पास अथाह सम्पत्ति है। उन पर अंकुश अवश्य लगना चाहिये। दूसरी तरफ वे लोग हैं कड़ाके की सर्दी में और धूप में काम करते है, किसान खेत में पानी लगाता है; मजदूर कारखानों में काम करता है सुबह से लेकर शाम तक, जो मेहनतकश लोग हैं जो चोटी से लेकर एडी तक पसीना बहाते हैं, खून बहाते हैं लेकिन इसके बावजूद भी अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पाते हैं, जब वे स्वयं या उनके बच्चे बीमार पड जाते हैं तो इलाज की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं, कपड़े, मकान आदि की व्यवस्था नहीं कर पाते हैं। मेरा कहने का आशय यह है कि जो मूलभूत अधिकार है उन में काम करने के अधिकार को भी सम्मिलित किया जाए तो ज्यादा अच्छा होगा।

13.00 hrs.

देश का सबसे बड़ा विनाश जातिवाद ने किया है, ऊंच नीच; छोटे बड़े की भावना ने किया है। इस रोग वजह से समाज दुर्बल बना है, कमजोर बना है और आज भी यथा स्थिति चली आ रही है। आज भी हम देखते हैं और अखबारों में पढ़ते हैं कि जाति-वाद के नाम पर छूआछूत ऊंच नीच के नाम पर इंसान इंसान के साथ नफरत करता है;

[श्री चन्द्र शेखर]

अमानवीय व्यवहार करता है, अमानुषिक कार्य करता है । उनके साथ ज्यादती होती है, जो कमजोर वर्ग के लोग हैं उन की स्त्रियों और बच्चों को जला दिया जाता है और उन के साथ अमानुषिक कार्य किये जाते हैं । उन को पेड़ से बांध कर लटका दिया जाता है और मारा जाता है । 30 साल की आजादी के बाद भी देश में कोई ऐसा गांव, कस्बा या शहर नहीं है जहां यह समस्या न हो और ऊंच नीच तथा जातिवाद का बोलबाला न हो । मेरी मांग है कि डाइरेक्टिव प्रिन्सिपल्स में इरेडिकेशन आफ अनटचेबिलिटी को जोड़ा जाय । आज भी बहुत से लोग अपने नाम के पीछे उपनाम लगाते हैं । इस प्रथा को कानूनी तरीके से बैन कर दिया जाय क्यों कि नाम सुनते ही मालूम पड़ जाता है कि कौन व्यक्ति किस जाति का है और इस से भ्रम पैदा होता है तथा जातिवाद को बढ़ावा मिलता है ।

मैं हमेशा से कह रहा हूं कि जातिवाद को मिटाना चाहिये और इस के लिये यह आवश्यक है कि अन्तर्जातीय और अन्तर-प्रान्तीय शादियों को प्रीफरेंस दिया जाय और भारतीय संविधान में यह लिखा जाना चाहिये कि जो लोग अन्तर्जातीय और अन्तर्प्रान्तीय शादियां करेंगे उन को नौकरियों में, व्यापार में और प्रगति के रास्ते पर बढ़ने के लिये हर तरह की मदद दी जायगी ।

मैं हमेशा से शिक्षा के राष्ट्रीयकरण के पक्ष में रहा हूं । शिक्षा को जो इस वक्त स्थान दिया गया है उसका तो समर्थन करता ही हूं, लेकिन मैं समझता हूं कि इस देश में जो लोग यह समझते हैं, महसूस करते हैं कि हमारी शिक्षा पद्धति में दोष है और यह दुरुस्त होनी चाहिये, वह मेरे विचार से सही है । एक तरफ तो देश में ऐसे लोग हैं जिन को चुंगी के प्राइमरी स्कूल में शिक्षा नहीं मिलती दूसरी तरफ पैसे वाले लोग अपने बच्चों को कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाते हैं और नतीजा यह होता है कि आज जो नौकरशाही की आलोचना होती है उनका सब से बड़ा कारण यही है कि बड़े बड़े खानदान के लोग, पूंजीपतियों और अफसरों के बच्चे ही तमाम अखिल भारतीय सेवाओं में आ पाते हैं और वही हुकूमत करते हैं । उन की जहनियत जो अंग्रेजों के जमाने में थी आज भी वही है, उस में कोई फर्क नहीं आया है, केवल रंग और शक्ल बदल गई है, पर जहनियत वही आज भी कायम है ।

13.03 hrs

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

मेरे बहुत से साथियों ने नौकरशाही की आलोचना करते वक्त यह कहा है कि उस के लिये भारतीय संविधान में कोई प्रावधान होना चाहिये । मैं चाहता हूं कि इस तरह का प्रावधान हो । लेकिन उस से भी अधिक महत्व की बात यह है कि उन की मनोवृत्ति को बदलना होगा क्यों कि हम देखते हैं कि जब हम लोग गांव, शहर या जनपद के बीच में जन-प्रतिनिधि होने के नाते जाते हैं और अधिकारियों से वास्ता पड़ता है तो हम यह महसूस करते हैं कि आज के अधिकारियों की मनोवृत्ति में कोई फर्क नहीं आया, फर्क केवल शक्ल और रंग में हो गया है । अंग्रेज गोरा था, लेकिन आज के अधिकारी की चमड़ी और चेहरा भारतीय जरूर है पर दिल और दिमाग में उन के कोई फर्क नहीं आया ।

मैं शिक्षा की बात कर रहा था कि शिक्षा का राष्ट्रीयकरण किया जाय और शिक्षा के जो मन्दिर हैं, विश्वविद्यालय, कालेज, स्कूल

आदि उन के द्वारा हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की कृपा से सब के लिये खुले हुए हैं यहां तक कि शेडयूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स के बच्चों के लिये भी खुले हुए है और ऊंची से ऊंची शिक्षा प्राप्त करने के लिये उन को समान अधिकार दिया गया हैं परन्तु इन शिक्षा मन्दिरों में जो होस्टेल्स है उन में भी शेडयूल कास्ट्स और ट्राइब्स के बच्चों को अनुपात अनिवार्य रूप से तय कर दिया जाय कि जिस तरह से यूनिवर्सिटी और कालेज में शेडयूल्ड कास्ट्स और ट्राइब्स के विद्यार्थियो की संख्या हैं उसी हिसाब से 10, 15 20 या 25 प्रतिशत के हिसाब से उन्हें होस्टलो में भी रहना चाहिये ताकि सब धर्मों और वर्गों के लोग एक जगह बैठ कर खाना खायें। एक जगह सोयेंगे, एक मैज में खाना खायेंगे और एक साथ चलेंगे. तो उनमें अपनी एकता की भावना पैदा होगी और इस जातिवाद को खत्म करने के लिये वहां पर उनको एक मौका मिलेगा ।

भारतीय संविधान देश की जनता के लिये है । आज मुझे भगवान गौतम बुद्ध का वह सिद्धान्त याद आता है---बहुजन हिताय बहुजन सुखाय । हमारा संविधान इसी आधार पर होना चाहिये जिससे बहुत से लोगों को लाभ हो । वैसे आलोचना करने वाले, क्रिटिसाइज करने वाले बहुत से लोग हैं, लकिन हमें यह मानकर चलना हैं कि हम क्या कर रहे हैं । हमारे विधान से ऐसे लोगों को हर तरह का मौका मिलना चाहिये जो कि आगे बढ़ना चाहते है।

अन्त में मैं अपनी बात समाप्त करते हुए यह जो संशोधन पेश किया गया है, इसका तो मैं हृदय से समर्थन करता हूं लेकिन हमारे जैसे शोषित समाज के लोग उस दिन खुश होंगे जिस दिन इस संविधान में आमूल चूल परिवर्तन होगा और यहां पर कोई सताया नहीं जायेगा किसी का शोषण नहीं होगा और हर इंसान को रोजी और रोटी मिलेगी और आगे बढ़ने के लिये मौका मिलेगा ।

मैं जिस सिद्धान्त में विश्वास करता हूं उसके अनुसार अगर कोई अच्छे मकान में रहता हैं, अच्छा खाता हैं अच्छा पहनता हैं तो इससे हमें कोई परेशानी नहीं हैं लेकिन गरीब को रोटी जरूर मिलनी चाहिये चाहे बेझड़ की हो, पहनने के लिये लंगोटा हो चाहे गाढा हो और रहने के लिये मकान हो चाहे झोंपड़ी हो। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करते हुए इस संशोधन का समर्थन करता हूं ।

SRI LILADHAR KOTOKI (Nowgong): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to support the amendments proposed in this Bill. Sir, I consider this day as a day of deliverence in more than one sense. Firstly, it has restored to this Parliament its rightful constituent powers which were kept under clouds for a number of years. Secondly, it has put the common interest over the vested individuals' rights. Thirdly, the elements that thwarted the implementation of various programmes for the common good, common interest and common welfare, namely, anti-social elements in this country, have also got to be put under proper check so that the entire people and set up, particularly the poor, backward and the weaker sections of our people are going to be delivered from oppression and given the hope that has been promised since the day of independence. That is why I say that although there are several stages to go through till these provisions become operative, even so this day is a very remarkable day, very significant day. I need not go into the various provisions, all of them are important. But the significant one, to my mind, is the amendment of the Article 368 itself. That has been passed in this House with all the legal and constitutional arguments. I need not go into them. The second one is the Preamble itself. We have asserted that the preamble is an integral part

[Shri Liladhar Kotoki]

of the Constitution in order to show the way where we are going and in that the insertion of these two words "Socialist Secular" are very important. In our manifesto for 1971-72 elections we indicated the various steps that are necessary in order to take our country forward and the first war was to be launched against the poverty.

In article 68 of our election manifesto, we have said like this: Poverty must go. Disparities must diminish. Injustice must end. There are but essential steps towards our ultimate goal—the goal of an India which is united and strong, an India which lives up to its ancient and enduring ideals and yet is modern in thought and achievement, meeting the future with vision and confidence. That is where we have to reach and by this Constitution (Amendment) Bill, all the road blocks will be removed. I urge upon the government that they should come forward with all the measures that are necessary and that could not be undertaken because of these hurdles, in as short a time as possible, so that we can take concrete steps and achieve tangible results to sustain the confidence of the people in our Parliament and in the government. I would not like to go into details, but these provisions indicate in what manner legislative and executive action will have to be undertaken.

So far as socialist republic is concerned, socialism cannot be brought about unless we take the whole people with us. That is why it is essential that in our plan we must associate the people in the process of planning itself. Then only we can expect that they will cooperate with their whole heart in the implementation of the various programmes of the plan. The fifth plan is going to be over in another two years and it has been finalised only recently. I submit that we have to initiate measures from now on to associate the people, particularly in the case of rural development, so far as the sixth plan is concerned. All the necessary infrastructure like power, irrigation, communication, etc. should be initiated in these two years of the fifth plan. Unless we do that, we will be faced with other hurdless and there will be delay. Delay means danger. If we delay the rooting out of poverty in the shortest possible time, the dangers we are seeking to avoid by these provisions perhaps may not be removed.

श्री रामेश्वर प्रसाद सिंह (छपरा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं संविधान (चवालीसवां संशोधन) विधेयक का समर्थन करता हूं। हम लोग उस पीढ़ी के हैं, जो स्वतंत्रता-संग्राम के सेनानियों की अन्तिम पंक्ति में दाखिल हुई। जिस संविधान से आज देश का प्रशासन चल रहा है, उसकी शुरुआत 19 सितम्बर, 1946 से हुई। ब्रिटिश सरकार के कैबिनेट मिशन ने हमें यह अधिकार दिया था कि हम संविधान सभा के माध्यम से अपना संविधान बनायें। 1946 में संविधान सभा की पहली बैठक हुई। बाद में स्वतंत्रता प्राप्त करने के पश्चात् उसका रूप बदल गया और अधिक लोगों को सम्मिलित करके संविधान बनाने का कार्य प्रारम्भ हुआ। लेकिन इस संविधान को बनाने वाले लोगों को लिमिटिड फ्रैंचाइज़ के आधार पर चुना गया था। उस संविधान सभा के सदस्य ऐसी विधान सभाओं द्वारा चुने गये थे, जो स्वयं लिमिटिड फ्रैंचाइज़ पर चुनी गई थीं। उस समय जो लोग कुछ पढ़े-लिखे होते थे, या चौकीदारी टैक्स या अन्य टैक्स देते थे, वही वोटर होते थे। आम जनता को वोट देने का अधिकार उस समय नहीं था। ऐसे ही वेस्टिड इन्ट्रेस्ट्स वाले लोगों द्वारा ही यह संविधान बना।

इसका नतीजा यह निकला कि संविधान के बनने के कुछ महीने बाद ही प्रगतिशील काम करने में बाधा उत्पन्न होने लगी और संविधान में संशोधन का काम प्रारम्भ हुआ। आज हम संविधान के चवालीसवें संशोधन पर, जिसको बयालीसवें संशोधन का रूप

किया गया है, विचार कर रहे हैं। किसी भी देश का संविधान वहां के कानूनों के संग्रह की कोई पुस्तिका नहीं है, बल्कि उस देश में बसने वाले लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं की पूर्ति का एक प्रतीक होता है। देशवासियों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना ही संविधान का उद्देश्य होता है। जो संविधान उनकी आकांक्षाओं और आशाओं की पूर्ति नहीं कर सके उस संविधान का संशोधन या उसके बदले दूसरा संविधान बनाने का अधिकार वहां के नागरिकों को होना चाहिए। देश के नागरिक ही देश के मालिक हैं और उनका प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था संसद् है। संसद् की सुप्रीमेसी होनी आवश्यक है।

अनुभवों के आधार पर हमने देखा है कि जो भी प्रगतिशील कार्य देश के सामने उपस्थित होते हैं उनमें कहीं न कहीं से बाधा आती है। या तो न्यायपालिका की तरफ़ से बाधा आती है या कार्यपालिका की तरफ़ से बाधा आती है और जो देश की असली 55 करोड़ जनता है उनके लाभ की जो बात होती है वह कार्यान्वित नहीं हो पाती। प्रायः उसमें ये कानून ही बाधक बन जाते हैं। लेकिन हमारी प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने इस संविधान में संशोधन लाकर पार्लियामेंट की सुप्रीमेसी को स्थापित कर दिया और देश के सामने जो यह संस्था आम जनता का प्रतिनिधित्व करती है, आम जनता की आकांक्षाओं और आशाओं का प्रतीक है उसे यह अधिकार दिया कि वह विधान में संशोधन कर सके।

आखिर ये संशोधन हैं क्या जिनसे लोगों को परेशानी है। प्रीऐम्बल में सोशलिज्म और सेकुलरिज्म शब्द जो जोड़े गये हैं यह कोई नई बात नहीं है। स्वतंत्रता संग्राम के समय में ही सेकुलरिज्म और सर्व धर्म समभाव की बात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी किया करते थे। उनकी प्रार्थना सभा में सभी धर्म के लोग होते थे और सभी के धर्मग्रन्थों से पाठ हुआ करता था। इसी तरह से समाजवादी पद्धति का समाज बनाने का प्रस्ताव भी स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश के शासन को चलाने वाली संस्था कांग्रेस ने आवडी में पास किया। उससे पहले भी स्वराज्य मिलने से पहले भी यह बात हुई थी कि स्वराज्य के बाद भारत में किस तरह का समाज बनेगा। इसके ऊपर भी स्वतंत्रता संग्राम के लिये लड़ने वाली सबसे बड़ी संस्था कांग्रेस ने अपने इजलासों में प्रस्ताव पास करके इस बात का संकल्प लिया था कि समाजवादी पद्धति की सरकार बनेगी।

समाजवाद है क्या? यह कोई ऐसी चीज नहीं है जिससे डरने की बात हो। यह केवल आर्थिक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि एक जीवन दर्शन है, रहन सहन का तरीका, वे आफ़ लाइफ़ है। केवल किताबी बात करके और इसे कानूनों में ही रख कर समाजवाद नहीं आ सकता है। बल्कि अपने जीवन में समाजवाद के अनुरूप परिवर्तन करने से असली समाजवाद की स्थापना हो सकती है। आज समाज में किस तरह की विषमता है यह हमारे पूर्व वक्ताओं ने बताया है। मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता। आज कुछ वर्गों के लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता है और कुछ लोगों के बाथ रूमों से इतना पानी बहता है कि सड़क पर पानी आ जाता है। किसी के पास रहने के लिए घर नहीं है और किसी के घर में पांच पांच पाखाने और नहाने के कमरे बने हुए हैं। आज स्वराज्य प्राप्ति के 30 वर्ष बाद भी बड़े शहर के किसी स्टेशन पर जाइए, खाना खाते रहेंगे और मांगने वाले लोगों की भीड़ इकट्ठी हो जायगी। जो जूठी पत्तल आप फ़ेकेंगे उसको खाने के लिए कुत्तों और इंसानों में लड़ाई होती दिखाई पड़ेगी। उसके लिए स्पर्धा होती है। यह देश के लिए बड़ी शर्म की बात है। इस देश की भलाई के लिए कोई कार्यक्रम बनाया जाये और उसके मार्ग में जो भी बाधायें हों उनको हटाया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, बिना कर्त्तव्य के अधिकारों का कोई महत्व नहीं है। कर्त्तव्य

[श्री राम शेखर प्रसाद सिंह]

के मामले में जिन बातों को संविधान में जोड़ा गया है वह कोई नयी चीज नहीं है। अनुभव के आधार पर आपको मालूम होगा कि राष्ट्रीय ध्वज एक पवित्र चीज है जोकि स देश के लाखों करोड़ों लोगों के त्याग और बलिदान का द्योतक है। इस राष्ट्रीय ध्वज की बेइज्जती करने वाले लोग आज भी इस देश में मौजूद हैं। कुछ दिन पहले 1953 या 1954 में, जो लोग बिहार से आते हैं उनको मालूम होगा, बी० एन० कालेज के विद्यार्थियों और बस कंडक्टर्स में झगड़ा हुआ जिसके फलस्वरूप गोली चली और राष्ट्रीय ध्वज जलाया गया। उसके बाद इस देश में ऐसे लोग भी थे जिन्होंने कहा कि कपड़े के टुकड़े को जला देने से देश की बेइज्जती नहीं होती। वही लोग बाद में इस देश में कुछ विपक्षी लोगों के साथ टोटल रेवोल्यूशन और विद्रोह की बातें कहीं जोकि हम सभी जानते हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, यह देश बहुत बड़ा है और इस देश के हर कोने में एक जैसी स्थिति नहीं रहती। 18 मार्च, 1974 को बिहार में एक घटना घटी थी जिस दिन आनन्दमार्ग और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों ने विद्रोह खड़ा करके सरकारी इमारतों को जलाना शु कर दिया था। सचैलाइट की बिल्डिंग को भी जला दिया गया था। उस समय अगर हमारे संविधान में पार्शल इमरजेंसी की व्यवस्था रहती तो सम्भवतः आज सारे देश में इमरजेन्सी लागू करने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

इन शब्दों के साथ मैं इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं। साथ ही यह भी कहना चाहता हूं कि सारे देश के लिये एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति होनी चाहिये। सरकार ने शिक्षा को समवर्ती सूची में जोड़ कर बहुत बुद्धिमत्ता का काम किया है जिसका सभी ओर से देश में समर्थन हो रहा है। मैं समझता हूं कार्यपालिका की ओर से जो बाधा उत्पन्न हो रही है उसमें भी सुधार लाया जायेगा, चाहे विधान के द्वारा अथवा सर्कुलर और आदेशों के द्वारा।

श्री मुल्कीराज सैनी (देहरादून): उपाध्यक्ष महोदय, 44वें संविधान संशोधन विधेयक पर 25 अक्तूबर से 1 नवम्बर तक बहस चली है जिसमें 59 धारायें हैं, इसमें 600 अमेन्डमेन्ट्स दिये गये हैं। इस बीच में हमारे सामने सारे तर्क आ गए हैं कि संविधान संशोधन की जरूरत थी या नहीं। संविधान एक पवित्र और महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है जोकि राष्ट्रपति पर भी लागू होता है, प्रधान मंत्री पर भी लागू होता है तथा कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका पर भी लागू होता है। किसी मामूली बात पर उसमें संशोधन नहीं किया जाता बल्कि जब बहुत जरूरत होती है तभी उसमें संशोधन किया जाता है। हमें विपक्ष की अक्ल पर दया आती है कि वे लोग पार्लियामेन्ट में और बाहर सभी जगह जनतन्त्र की हामी भरते हैं लेकिन ऐसे अवसर पर उन्होंने बायकाट कर दिया। जनतन्त्र में जो राज्य करने वाली पार्टी होती है उसके व्यूज के साथ साथ माइनारिटी को भी अपनी व्यूज रखने का अधिकार होता है। वे भी यहां पर अपने व्यूज को रख सकते थे लेकिन उन्होंने बायकाट करना ही मुनासिब समझा। यह कौन सा जनतन्त्र है? हमने यहां पर देखा कि वे अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंच गए। सारे देश में सत्याग्रह करना, धमकी देना, तोड़-फोड़, मार-धाड़ और हिंसा—क्या यही जनतन्त्र है? यहां पर कांग्रेस पार्टी और प्रधान मंत्री की सरकार चल रही है और वे बायकाट किए बाहर बैठे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, इस संविधान संशोधन विधेयक के द्वारा जो महत्वपूर्ण संशोधन किए जा रहे हैं उनके बारे में मैं कहना नहीं चाहता क्योंकि उनपर काफी रोशनी डाली जा चुकी

है। मैं केवल यही कहना चाहता हूं कि हमने जो समाजवाद का सिद्धान्त रखा है वह वास्तव में उस समय तक नहीं आ सकता जब तक कि संविधान में प्रापर्टी का राइट रहता है। इसके रहते एक तरफ तो गरीब रहेंगे, लोग भूखे मरते रहेंगे और दूसरी तरफ अमीर लोग ऐश करेंगे। एक तरफ अमीर सोचेंगे कि पैसा कैसे खर्च किया जाय और दूसरी तरफ लोग भूखे मरेंगे। इसलिए बिना ऐसा संशोधन लाये इस देश में कैसे समाजवाद आ सकता है। जनतन्त्र के रहते हुए हम सुनते आ रहे थे कि इस देश में सरकार का लक्ष्य क्या है। एक दफा कहा गया कि कोआपरेटिव कामनवैल्थ है। उस के बाद कहा गया-वैलफेयर स्टेट, जनकल्याणकारी राज्य है, उस के बाद कहा गया—सोशलिस्टिक पैटर्न आफ़ सोसायटी है, फिर समाजवाद की बात आई। अभी तक यह बात संविधान में लिखी नहीं गई थी, आज लिखी जा रही है और लिखे जाने का महत्व यह होता है कि उस पर सारी जनता विश्वास करती है कि वाकई यह सरकार समाजवाद लाएगी। लेकिन समाजवाद केवल संविधान में लिख देने से नहीं आयगा, यह तो रहन-सहन का एक तरीका है, वे आफ-लाइफ़ है, कल्चर है, इसके लिय सब को बदलना होगा, अपने अन्दर परिवर्तन लाना होगा। आज यह सरकार सारा, सदन, रूलिंग पार्टी अपने आप को समाजवाद से बांध रही है, लेकिन इस को प्राप्त करने के लिय अपनी दैनिक चर्या को बदलना होगा, खाने की आदत को बदलना होगा, शिक्षा की आदत को बदलना होगा।

शिक्षा को ही ले लीजिय बारबार यहां पर उस का जिक्र किया जाता है--आज गरीब आदमी को पढ़ने का भी हक़ नहीं है, पढ़ें भी तो म्युनिसिपल्टी और जिला परिषदों के स्कूलों में, जहां न मास्टर हैं, न स्लेट है, न कलम है और न बैठने के लिये टाट है। लेकिन दूसरी तरफ कान्वेन्ट स्कूल्ज़ है, बढ़िया-बढ़िया फैंसी स्कूल्ज़ हैं, जहां बच्चे की पढ़ाई पर चार-पांच सौ रुपया महीना खर्च आता है। यह खुशी की बात है कि अब इस को कान्करेन्ट लिस्ट में लाया गया है और ऐसी आशा की जाती है कि शिक्षा के लिये अब एक राष्ट्र नीति बनेगी और सारे देश में एक-सी शिक्षा चलेगी।

यहां पर कहा गया कि इस हाउस को अधिकार नहीं है-इस संविधान में संशोधन करने का। उन बड़े-बड़े पार्लियामेन्टेरियन्ज़ को जिन्होंने कानून की बड़ी बड़ी किताबें पढ़ी हैं, आर्टीकल 368 की याद नहीं रही, जहां इस बात को स्पष्ट रूप से कहा गया कि पार्लियामेन्ट सोवरेन-बाडी है। हमारी प्रधान मंत्री जी, हमारे विधि मंत्री जी, हज़ारों वकीलों ने, प्रोफेसरों ने, बुद्धिजीवी वर्गवालों ने बार-बार इस बात को कहा है, लेकिन ये जो नये किस्म के जनतन्त्रवाली पार्टियां बाहर बैठी हुई हैं, इन को पता ही नहीं है कि आर्टीकल 368 क्या है।

हमारे राष्ट्र में आज अनेकों इस प्रकार के रोग लगे हुए हैं —जैसे क्षेत्रीयवाद, जातिवाद, धर्मवाद, गरीब और अमीर के बीच विषमता की खाई, पक्षपात, भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार इन रोगों का इलाज होना चाहिये, ये ऐसे रोग हैं जिनसे सब कुछ बंटाधार हो जाता है। देश में तस्करी होती है, मिलावट होती है, करों की चोरी होती है, रुपया भरा पड़ा है, लेकिन उस को बाहर निकालने के लिये जो मशीनरी है, उस के बारे अनेकों विचार यहां व्यक्त किये जा चुके हैं। कार्यपालिका अपने तरीके से काम करती है, उन को विशेष अधिकार मिले हुए है। आर्टीकल 311 में इस तरह के संशोधन की जरूरत थी कि कार्यपालिका सरकार की पालिसी को चलाने के लिये कमिटेड होती। आज कार्यपालिका बिलकुल सरकार की पालिसी के उलट चलती है। हम नहीं समझ पाते हैं कि आज विधायिका राज्य कर रही है, पार्लियामेन्ट का राज्य चल रहा है या कार्यपालिका का राज्य चल रहा है।

[श्री मुल्की राज सैनी]

मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं—एक जय प्रकाश शर्मा नाम का फायरमैन है। रेलवे के अन्दर उस को कह दिया गया कि तेरा दिमाग खराब हो गया है, मैन्टल डिस्टर्बेन्स हो गया है। वह आल इण्डिया इंस्टीच्यूट आफ़ मैडिकल साइंस में जाता है, वे कहते है, कि उस का दिमाग सही है। उस को फिर से ड्यूटी दे दी जाती है, तीन महीने वह डायरी मैन्टेन करता है, लेकिन उस को फिर कह दिया जाता है कि तेरा दिमाग खराब है। वह एम० ओ० के पास जाता है, सी० एम० ओ० के पास जाता है—कोई सुनवाई नहीं होती है। मैं उस को साथ लेकर मंत्री महोदय के पास जाता हूं, वे कहते है कि इस को दोबारा डाक्टर के पास भेज दो। अफ़सरान कहते हैं रेलवे रेल मंत्री को नहीं चलानी है, हमें चलानी है। आप बतलाइये-रेलवे मंत्रालय को चलाने की ज़िम्मेदारी किस की है? क्या रेलवे विभाग को चलाने की ज़िम्मेदारी रेल मंत्री की नहीं है? यह जय प्रकाश शर्मा 14 महीने से घर में बैठा है, उस को काम पर नहीं लिया जाता है। आज यह हालत है कि आप एक क्लर्क को भी इधर से उधर नहीं कर सकते। भ्रष्टाचार की छत्रछाया में सब कुछ चल रहा है। हमारे संविधान में कुछ इस तरह का प्रावधान होना चाहिये जिससे ये राष्ट्र रोग खत्म हों।

इन शब्दों के साथ इन संशोधनों का जो संविधान में किये गये हैं समर्थन करता हूं तथा स्वागत करता हूं।

SHRI BISWANARAYAN SHASTRI (Lakhimpur): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to speak on the 44th Constitution Amendment Bill which has been before us. We have been discussing it for the last few days. It is going to be accepted after some time.

According to me, it has its origin in the notes circulated by our beloved Prime Minister at the Bangalore session of the All India Congress Committee in 1969. It took over seven years to mature and as a result of that, government have brought this Bill. It will be interesting to see that in the year 1924 under the Chairmanship of late Pt. Motilal Nehru, our Swaraj Constitution was framed.

I am a common man with a little commonsense and representing common people in the House of the People. Therefore, I would like to highlight some of the amendments that have been contained in this Bill. In the Preamble, two words have been amended. One is socialism and the other is secularism. Some may refer to Shakespeare "what is in the name?" But here it has got great meaning. It will give a direction to the framers of the rules and serve as a constant reminder to them and to the legislators and the executive also. These two words, that is, socialism and secularism, have great significance for insertion in the Preamble to our Constitution. Simply inserting these two words will not serve the purpose. There are so many ways to implement them and to work towards those goals.

Now-a-days, India Tourism Development Corporation has been constructing five-star hotels all over the country. They are not constructing six-star or seven-star hotels, because there are no norms of six-star or seven-star hotels. For whom, are they constructing them? There the rent is more than Rs. 200 per day. Mr. 'A' is staying there. But Mr. 'B' will be tempted to stay there, who has no means to defray the expenses. Naturally, he will try to adopt corrupt means for collecting money. This is one of the ways which tempts to corruption. If such luxurious things are there, no socialism can be achieved. This is just an instance. As far as the word "secularism" is concerned, it should have a different connotation for us. We do not accept the connotation of the word "secularism" which is

prevailing in the western countries. But, however, in order to maintain that character, we must first try to remove superstition and blind faith. So long as these things are there among the people, no secularism can be achieved.

As far as education is concerned, it is to play a better role in this direction. It is good that education has been placed under the Concurrent List. In the text-books, undesirable things have been exaggerated according to the whims of the authors. It poisons the mind of the young children. If the mind of the child is poisoned at the formative stage, it is difficult to correct him.

यन्नवे भाजने लग्नः संस्कारो नान्यथाभवेत्

Lessons have to be prepared in a scientific way. It is difficult to remove what has been once printed in the mind of the child. Government should see that no hatred or prejudice against any faith or religious group or community and region should find place in any text-book.

In this context, I would refer to another clause, unity and integrity of the country. It is good and it is desirable that our country should unite and stand like one man. The integrity of the nation, the unity of the country and the sovereignty of the country should be maintained by all concerned. How can the unity be achieved? Unless and until there is an equality to some extent, to a reasonable extent, there cannot be any unity. To illustrate the point, I may mention, the two pieces of iron can be joined together when those two pieces are heated to the equal degree. If one piece remains cold and the other is heated, then those two pieces cannot be joined together. This anology can be extended to all concerned. Therefore, it should be our attempt to bring about equality among the people and among the regions. The economic imbalances of the regions are also to be removed. Only then we can hope that there will be real integrity, the real unity of the country.

The Law Minister has presented this Bill. He has constructed a great building. It is now for different Ministers to furnish it with good equipment, with decent decoratives and such other things. When it is done the building will be useful, so also the provisions of the Constitution. I have already referred to the things to be done by the Ministry of Education, the Ministry of Industry and the Ministry of Home Affairs. The different Ministries can do many things towards achieving our goals. If it is left only by passing the Constitution Amendment Bill, nothing will be achieved. I wanted to highlight those points and, I hope, the concerned Ministers and the Ministries will pay their undivided attention to those respects.

I support this Constitution Amendment Bill for the reasons I have already stated. I am a common man as I have stated. I do not know the niceties of law, what clause is removed or what clause is modified. But I know that this Constitution Amendment Bill will do. It has established once for all the supremacy and the sovereignty of the House of the People, that means of the Parliament and for that matter, of the people. An eminent saint of Bengal has praised human being:

सबार उपरे मानुस सत्य तहार उपरे नाइ।

In ultimate reality, the man is the truth. There is nothing above the man.

Another thing that this Bill has done is to remove the doubt in the interpretation of the provisions of the Constitution. The Constitution has to be correctly interpreted as it has been intended by the founding fathers of the Constitution.

Last but not the least thing is that this Constitution Amendment Bill

[Shri Biswanarayan Shastri]

keeps in touch with the changing circumstances and it fulfils the hopes and aspirations of the millions of the people who have been starving, who have been deprived of their due, and who are under-privileged in the country. For these four broad reasons, I support and welcome this Bill warmly.

Regarding the integration of the country, I would like to say one thing more. There are two ways of making integration, emotional and cultural. As everybody knows, the emotions rise and fall. With the events, with the changing circumstances, the emotions may rise and the emotions may fall. If we stress more and more on emotional integration and neglect the other side, it will fail to serve the purpose. Therefore, we should see that there is cultural integration in the hearts of the people. That will lead us to the goal.

I would like to conclude my speech with the clarion call given by our Prime Minister to the people which I can repeat in the words of our ancient sage:

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान् निबोधत ।

SHRI AMARNATH VIDYALANKAR (Chandigarh): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I support this Constitution Amendment Bill. I regard it as a very important landmark in India's history of Constitutional, political and social development. I also regard it as a very significant landmark in the brilliant and glorious record of our Prime Minister's dynamic and decisive leadership. In the past decade, India has faced many problems, and whenever we faced any serious problem, our Prime Minister did not surrender before it, but she has taken decisive measures and she has tried to solve the problem. This Constitution Amendment Bill is in the same series of those measures.

We know that, before this Amendment was made, the idea of democracy was being distorted. Any effort to enforce law and order or discipline was termed as an anti-democratic measure. We know what had been happening in this very House and what had been happening outside. A sort of concept was created that democracy meant no discipline, no order. We have taken measures to plug the loopholes, and the whole country has welcomed this measure. When this Amendment Bill was introduced in this House, by and large, the people welcomed it. Here also, in this House also, the Bill has been welcomed and it has received the whole-hearted support from practically the overwhelming majority of the Members of this House. This shows that this House very correctly reflects the opinion and the feelings of the people outside.

In this Bill we have made clear as to what are our aims. Discipline must be enforced, but unless it is voluntary, unless the discipline is purposeful, with some purpose, people will not follow that discipline and they will consider it as coercion. This Amendment has given the purpose of our Constitution; the purpose has been made clear in terms of socialism and secularism. These two terms have been introduced in the Preamble.

Like the idea of democracy, the concept of socialism has also been very much distorted. I was surprised when my friend, Mr. Hanumanthaiya, described Pandit Jawaharlal Nehru as a Fabian socialist and tried to differentiate the socialism of our Prime Minister in certain terms. I think, socialism is not a commodity that differs from country to country. Mr. Swaran Singh has very correctly described socialism; he has said that the society should have full control over the economy; the whole economy should be under social control; the means of production should be in the hands of the society. We have already

taken measures in this direction by the nationalisation of banks and by giving predominance to public sector. We have been taking measures in this direction and we want to proceed on those lines. Socialism of our Party has been the same since the Karachi Resolution was passed under the leadership of Mahatma Gandhi. Since then, all the Congress leaders, whether Pandit Jawaharlal Nehru or our present Prime Minister or the other leaders, have given the same concept of socialism to the country. Therefore, to try to say that the socialism propounded by our Prime Minister is different is not correct. The Congress believes in socialism; we have already taken measures in that direction; and we will proceed on the same lines.

In this Preamble we have also added another word, *viz.*, 'secularism'. In the past many communal parties have tried to exploit politics and tried to mislead people in the name of religion, in the name of language or in the name of parochialism. Now they will be curbed and I expect that no political party will be allowed to be formed under our election law, that bases its ideology on communalism or parochialism or linguism or any kind of casteism. By including the word 'secularism' I think this aim also should be clear and it should be translated in a manner that this country is free from these kinds of divisive forces and divisive slogans.

I am glad that by passing this amendment—I am quite sure this House will pass it to-day—we will be giving a proper place to this Parliament and we have accepted the supremacy of the Parliament, that the constitution will not be challenged anywhere outside this Parliament. So, this is a great gain we will be achieving by passing this amendment.

Similarly, the Directive Principles have been given their proper place. Property rights and other rights will not be a basis on which constitutional amendments or the constitution will be challenged. This is also a great gain.

I think similarly we have clearly accepted the federal idea. Some members raised this question of the federal idea. We have accepted the federal idea but we have also consolidated the unity of India. There is a very thin line between the two, but we have accepted that this India is an entity and one unity. By providing certain measures we have accepted the federal character of the constitution. We have given proper freedom to the States but we have also declared that the country has to remain united and any tendency to divide the country into various parts will be curbed and will not be allowed.

As you have now rung the bell, I do not have much time. I think similarly making education and many other things as concurrent subjects is also a good thing. We have not taken away anything from the States. We have only tried to help them and the Centre is now free to go to the help of the States also and give the correct lead to the country. All this clearly reflects the concept of unity in divergence.

So, I think this Bill contains many elements that should be welcome and I think just as in the country people have welcomed it, we will also pass it and this Parliament will go down in history that they have taken the proper step at the appropriate time and given the constitution a new orientation that is consistent with the needs of the country to-day.

श्री नागेश्वर द्विवेदी (मछली शहर) : उपाध्यक्ष जी, भारतीय संविधान में जो 44वां संशोधन विधेयक पेश हुआ है यह बड़ा ही ऐतिहासिक विधेयक है और इसका देश की

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

जनता पर बड़ा ही अच्छा प्रभाव पड़ा है, जनता के हृदय में एक बड़ी भारी आशा का संचार हुआ है और शासन के प्रति जनता की आस्था जागृत हुई है।

संविधान में संशोधन करने के बारे में कुछ लोगों ने कहा था कि इस संसद् को संशोधन का अधिकार नहीं है। संशोधन करने का जहां तक अधिकार है, यह प्रश्न बैंकों के राष्ट्रीयकरण और राजाओं के प्रिवीपर्स के समय भी उठाया गया था और उस सम्बन्ध में जो बिल पास हुए थे, सुप्रीम कोर्ट ने उनको रद्द भी किया था और उसी आधार पर लोक-सभा भंग करके जनता से आदेश लेने के लिये 1971 में चुनाव कराये गये और जनता ने दो-तिहाई का बहुमत देकर शासक दल को अपना पूर्णतः समर्थन दिया था। उसके बाद इस तरह की शंकाएं उठाना निराधार और निर्मूल था। संविधान भारत के लिये कोई नई बात नहीं है। भारत में संविधान के अनुसार काम करने की प्रणाली प्राचीन समय से थी। केवल भारत में ही नहीं, दुनिया की मान्यता में मनुस्मृति सबसे प्रथम संविधान रहा है। लेकिन वह संविधान भी अपरिवर्तनीय नहीं रहा।

मनुस्मृति के बाद, जिसमें बराबर स्मृतियों का परिवर्तन हुआ है, 18 स्मृतियां बनी हैं। हमने देखा है कि किस तरह से बराबर उसमें समयानुकूल और समयानुसार परिवर्तन आया। आखिरी स्मृति पाराशर स्मृति मानी जाती है। उसके बाद जो देश में विशृंखलताएं आईं, हमारे देश में कोई संविधान नहीं बन सका। पहली बार स्वतन्त्रता के बाद हमारे देश को इस अवसर का मौका मिला कि संविधान बने और उसी स्थिति में हमारे देश ने स्वतन्त्रता के बाद पहला संविधान बनाया है।

इस संविधान में समयानुसार संशोधन हो रहे हैं। आज हमने इतने परिवर्तन किये हैं, संविधान बनने के एक महीने बाद ही संशोधन होने प्रारम्भ हुए और आज 44वें संशोधन तक हम पहुंच गये हैं। यही नहीं, हो सकता है कि कुछ समय बीते तो संविधान में संशोधन ही नहीं, यह संविधान ही हमको बदलना पड़े और पहले के बाद दूसरा और दूसरे के बाद तीसरा संविधान बनाना पड़े। तो देश की जैसी आवश्यकता होगी, उसको देखते हुए परिवर्तन करना पड़ेगा। संविधान देश की जनता के लिये है, राष्ट्र के लिये है, राष्ट्र संविधान के लिये नहीं है। इसलिये यह कहना कि संविधान में परिवर्तन नहीं किया जा सकता, वह भ्रम है और गलत रास्ता है। हमारे यहां की परम्परा प्राचीन रही है और आज भी दुनिया के देशों में जहां संविधान बने हुए हैं, वहां संविधान में परिवर्तन होते रहे हैं। अगर कहीं कोई परिवर्तन न करता रहा हो, तो भारत ने इस मामले में प्राचीन काल से लेकर आज तक पथ-प्रदर्शन किया है कि वह परिवर्तन हो सकते हैं।

संविधान की भूमिका में ही जो हमारा उद्देश्य था, उसमें स्पष्ट किया गया कि अब तक लोकतन्त्रात्मक गणतंत्र के रूप में हम इस देश के विधान को मानते थे और इस समय इसमें धर्म निरपेक्षता और समाजवाद भी जोड़ा जा रहा है।

जहां तक हमारे देश की परम्परा है, विदेशियों ने या विदेशी इतिहासकारों ने चाहे जो कुछ लिखा हो, लेकिन हमारे देश की संस्कृति सहिष्णुतापूर्ण रही है। इसमें सबको एक समान दृष्टि से देखने की बात रही है। अगर उसके इतिहास का अध्ययन किया जाये तो देखा जायेगा कि भेदभावमूलक नहीं रही है। यह तो शासन करने वालों ने इस तरह का भेदभाव किया कि आज तक हम पिछड़े हुए हैं। आज कहना पड़ रहा है कि जातिभेद को मिटाना चाहिये।

एक समय था, जब जातियां बनी थीं, अगर आप और करेंगे तो वह जातियां आप

करने, पेशे के आधार पर बनी थीं । लेकिन आज वह पेशे नहीं हैं, फिर भी जातियों का नाम रह गया है । जब पेशा नहीं है तो उस जाति का बोधक नाम रखने के क्या लाभ है? उस नाम को मिटाना चाहिये और हटाना चाहिये । आज जो जिस तरह का पेशा करता है, उसके नाते उसको कहा ही जायेगा चाहे ब्राह्मण हो, क्षत्रिय हो, हिन्दू हो चाहे मुसलमान हो । अगर कोई सिलाई का काम करता है, तो उसे दर्जी कहा ही जायेगा, दूसरा कुछ नहीं कहा जा सकता । जो व्यापार करता है, उसे व्यापारी कहा ही जायेगा, चाहे किसी जाति का हो । इसी तरह से अगर पेशे के आधार पर बने तो अच्छा है, लेकिन आज जो परम्परा के नाम पर जातिवाद है, सचमुच उसके साथ लगे रहना ठीक नहीं है । लेकिन जब तक इस तरह का कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया जाता है, लोग उसका प्रयोग करते हैं, चाहे जायज हो चाहे नाजायज और उसका फायदा उठाया जाता है । इस तरह से अगर संविधान में आगे परिवर्तन किया जा सके तो बहुत अच्छी बात होगी ।

मौलिक अधिकारों बनाम निदेश तत्वों का प्रश्न भी उठाया गया है । मौलिक अधिकारों को व्यक्ति के लिए सीमित किया गया है, जब कि निदेशक तत्वों के माध्यम से सरकार को कुछ सार्वजनिक काम करने का आदेश दिया गया है । जहां तक व्यक्ति का सम्बन्ध है, उसको समष्टि की तुलना में कभी भी प्राथमिकता नहीं दी जा सकती है । हमारे नीति-शास्त्रकारों ने कहा है :

> त्यजेत् एकं कुलस्यार्थे, ग्रामार्थे कुलं त्यजेत ।
> ग्रामं जनपदस्यार्थे, आत्मार्थे पृथ्वीं त्यजेत् ।।

अर्थात् अनेक के लिए एक का परित्याग करना पड़ेगा । इसलिए मौलिक अधिकारों की तुलना में हमें निदेशक तत्वों को प्राथमिकता देनी चाहिए, ऊंचा स्थान देना चाहिए, जैसा कि इस संविधान में किया गया है, और वह हमारे देश के लिए बहुत ही अनुकूल है ।

इस संशोधन के द्वारा न्यायालयों के काम की सीमा बांध दी गई है । केन्द्रीय सरकार को यह भी देखना चाहिए कि हमारे न्यायालयों में किस तरह से काम होता है । हमारी आम जनता नीचे के न्यायालयों से परेशान है । वहां किस तरह से काम होता है, यह बताने की कोई आवश्यकता नहीं है । हमें न्यायालयों की पद्धति में परिवर्तन करना पड़ेगा ।

अगर मैं भूलता नहीं हूं, तो अंग्रेजों ने—ईस्ट इंडिया कम्पनी ने—इस देश में पहली बार वारेन हेस्टिंग्ज के जमाने में न्यायालय स्थापित किया । उस अदालत के सामने पहला मुकदमा महाराज नन्द कुमार का था, जिनको जाली सुबूत पेश कर फांसी दे दी गई । जिस अदालत में पहले मुकदमे का फैसला इस तरह हुआ यह आशा नहीं की जा सकती है कि उससे निकली हुई अदालतें लोगों को न्याय दे सकेंगी । देश की जनता को इन अदालतों पर विश्वास नहीं है । हमें सोचना चाहिए कि हमारे न्यायालयों में क्या पद्धति अपनाई जाये, जिससे बिना खर्च किए हुए लोगों को न्याय मिल सके । आज स्थिति यह है कि न्याय बहुत महंगा है और जिसके पास पैसा नहीं होता है, वह मुकदमा हार जाता है । हमें कोई नया ढंग अपनाना पड़ेगा, जिससे लोगों को न्याय के बारे में विश्वास हो । न्याय व्यवस्था में मौलिक परिवर्तन करने के बारे में सरकार को गहराई से सोचना चाहिए ।

जहां तक भेदभाव का सम्बन्ध है, अन्य बहुत सी जगहों के अलावा सरकारी क्षेत्र में भी, अधिकारियों में भी, भेदभाव है । प्राचीन काल में जब अर्जुन रथ पर सवार थे, तो उनके साथ कृष्ण भगवान भी रथ पर थे । उनमें कोई भेदभाव नहीं था । लेकिन आज चपरासी और अफसर में भेद भाव है । चपरासी अपने अफसर के सामने

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

कुर्सी पर नहीं बैठ सकता है। सरकारी कार्य के अलावा सामाजिक क्षेत्र में जो भेद भाव बरता जाता है, उसको भी मिटाना चाहिए।

समय कम होने के कारण अधिक न कह कर मैं इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं।

प्रो टी० डी० कांबले (लातूर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन और स्वागत करता हूं। देश की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और 20-सूत्री कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इस विधेयक की अत्यन्त आवश्यकता थी। इसलिये मैं सरकार और विधि मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं।

पहले कुछ विधिवेत्ता बार-बार यह प्रश्न उठाते थे कि धर्म-निरपेक्षता और समाजवाद गवर्नमेंट की पालिसी बताये जाते हैं, मगर संविधान में उनका कहीं जिक्र नहीं है। इस संशोधन के द्वारा "सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक गणराज्य" के स्थान पर "सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतंत्रात्मक धर्मनिरपेक्ष समाजवादी गणराज्य" शब्द प्रीएम्बल में डाल कर संविधान में धर्म-निरपेक्षता और समाजवाद की नीति का समावेश कर लिया गया है। इस प्रकार एक संदिग्ध बात का स्पष्टीकरण कर दिया गया है, जो अत्यावश्यक था।

14.00 hrs.

इस संशोधन के द्वारा संविधान में दस मूल कर्तव्य रख दिये गये हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी से पहले भी और आजादी मिलने के बाद भी बार-बार कहा करते थे कि हर एक आदमी अपना अधिकार चाहता है, और सामुदायिक तौर-पर भी लोग अधिकार चाहते हैं। लेकिन अधिकार के साथ कर्त्तव्यों की पूर्ति होना आवश्यक है। वह कर्त्तव्यों की पूर्ति इस संविधान के अन्तर्गत आ गई है। इसलिए भी यह बहुत ही लाभदायक जनता और देश के लिए होगा।

मूल कर्त्तव्यों के अन्दर जो पांचवां कर्त्तव्य बताया है—भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो, यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन इसका परिपालन कैसे होगा इसके बारे में दो शब्द मैं कहूंगा।

आज भी इस देश में ऐसी संस्थाएं हैं जो जातीयता और अन्धविश्वास फैलाना चाहती हैं। ऐसी कुछ संस्थाओं को आपने बैन किया है, प्रतिबन्ध लगाया है जो राष्ट्र के अन्दर जातिवाद को फैलाने में मदद करती थीं। लेकिन मैं यह कहूंगा कि ऐसे साहित्य पर भी आपको प्रतिबन्ध लगाना होगा जिनके अन्दर ऊंच नीच, जातीयता और भेदभाव की भावना भरी हुई है जिससे अस्पृश्यता और कई अहितकर बातें समाज म फैली हुई है। यह बहुत जरूरी है कि ऐसे साहित्य को भी बैन किया जाये जिससे लोगों में भेदभाव की प्रवृत्ति पैदा होती है।

साथ ही आप ने एक और अच्छी बात विधेयक में की है कि शिक्षा को केन्द्रीय सरकार अपने हाथ में लेने वाली है। मैं यह कहूंगा कि आप इस का भी फ़ायदा उठा सकते हैं। जितनी भी हमारी पाठ्य पुस्तकें हों उनके अन्दर जातीयता उन्मूलन और सभी तरह के भेदभाव मिटाने के लिए पाठ्यक्रम की व्यवस्था कर सकते हैं ताकि आने वाली अगली पीढ़ी का दिमाग इस बात के लिए तैयार हो कि इस देश में कोई जातिवाद या ऊंच नीच की भावना हमारे अन्दर नहीं आनी चाहिए। जैसे आपने इसमें शिक्षा का

भी जिक्र किया है जो केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत आती है। उस में आप देखेंगे कि बहुत से लोग खानगी संस्थाएं खोल लेते हैं और उस के अन्दर वे लोग अपनी-अपनी शिक्षा पद्धति के अनुसार अपना अपना कार्यक्रम चलाते है। मैं आप से यह कहूंगा कि ऐसी संस्थाएं जहां पर जातिवाद का फ़ैलाव होने की गुंजाइश है जहां शिक्षक से लेकर चपरासी तक सभी लोग उन्हीं के रख लिए जाते है, जहां उस जाति के अलावा दूसरे किसी को नहीं लिया जाता है, ऐसी संस्थाओं के ऊपर आप का ध्यान जाना चाहिए। जातीयता को मिटाने के लिए और समरसता तथा समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करने के लिए पाठ्यक्रम के अन्दर इन बातों को लाना चाहिए। इस के साथ-साथ जो ऐसी संस्थाएं है जिन के द्वारा जातिवाद का फ़ैलाव होता है उन के ऊपर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। बहुत सी जगहों पर मैंने देखा है होस्टलों में और शिक्षा संस्थाओं में कि उसी जाति के लोगों को लिया जाता है जिन के हाथ में शिक्षा संस्था होती है। तो इस के ऊपर ध्यान रखा जाय और मैं विधि मंत्री जी से खास तौर से कहूंगा कि जहां कहीं प्रसंग आ जाता है पाठ्यक्रम में परिवर्तन करने का और शिक्षा संस्था को सुधारने का हो, वहां उस के अन्दर ऐसी बातों को रखा जाय जिस से हमारे इन उद्देश्यों की पूर्ति हो सके।

मेरे मित्र ने स्मृतियों का उदाहरण दिया। मैं सारी स्मृतियों के खिलाफ़ नहीं हूं लेकिन कुछ स्मृतियां ऐसी हैं जिन के अन्दर ऐसी बातें हैं। हो सकता है उस में मिलावट हो या यह भी हो सकता है कि उन के अन्दर वह पहले से विद्यमान हों। तो ऐसी पुस्तकों, धर्मग्रन्थों और स्मृतियों को जिन के अन्दर जातीयता, भेदभाव और अस्पृश्यता को बढ़ाने वाली बातें कही गई हैं सरकार क्यों नहीं बन्द करती है? अस्पृश्यता और ऊंच नीच ऐसी चीजें बन्द होंगी तभी तो हम आगे बढ़ सकते हैं। समाज के अन्दर आज भी धर्म प्रतिष्ठा के नाम पर अन्धविश्वास के नाम पर यही चीजें चलती हैं और उन के जरिए इन्हीं किताबों का प्रचार होता रहता है जिस से लोगों के अन्दर एक दिमागी बुराई भर जाती है। इसलिए ऐसी भावनाओं को दूर करने के लिए शिक्षा संस्थाओं को और शिक्षा के अन्दर पढ़ाई जाने वाली पाठ्य पुस्तकों को फ़िर से देख लीजिए और उसका उन्मूलन करने की कोशिश कीजिए।

आखिर में मैं एक बात और कहूंगा। हमारे देश का संविधान हमारे देश की भाषा में हो तो ज्यादा शोभा देता है। हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी है लेकिन एक परकीय देश की अंग्रेजी भाषा में आज संविधान बना हुआ है यह शोभा नहीं देता। हो सकता है आज उस के लिए कुछ अन्य कारण हों या उस में कुछ असुविधा हो लेकिन आगे चल कर ऐसी सुविधा निकाली जाय जिस से कि देश का संविधान अपने देश की भाषा में बना रहे जिस से लोगों को उस का परीक्षण करने में और पढ़ने में सहूलियत हो। अन्त में मैं फ़िर से इस विधेयक का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री राम भगत पासवान (रोसेरा)। उपाध्यक्ष महोदय, मैं 44 वें संविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। इस संविधान विधेयक से जनता की कुछ मोटी मोटी आकांक्षायें और आशायें जाग उठी हैं। पहले का संविधान जिस पर राजा-महाराजाओं और पूंजीपतियों की छाप थी, उसको हटाकर हमारे प्रधान मंत्री ने उस पर भारत की कोटि कोटि जनता की आकांक्षाओं और आशाओं की छाप दे दी है। आज भारत की जनता महसूस कर रही है कि समाजवादी व्यवस्था में अब कोई भी अड़ंगा नहीं लगेगा। इस संविधान संशोधन विधेयक के अन्तर्गत आर्थिक और सामाजिक

[श्री राम भगत पासवान]

व्यवस्था की गई है। लेकिन आर्थिक व्यवस्था को सुधारने के लिए भारत के अन्तर्गत जो भूमि है वही वास्तविक सम्पत्ति है । जब तक देश में लैंड रिफार्म्स का कार्यक्रम अच्छी तरह से लागू नहीं होगा, जब तक भूमिहीनों को भूमि नहीं मिलेगी तब तक भारत की आर्थिक अवस्था में वास्तविक सुधार नहीं आ सकता है। अभी लैंड रिफार्म्स के कानून के अन्तर्गत जो यूनिट की व्यवस्था है कि एक यूनिट के अन्तर्गत परिवार में इतनी भूमि मिलेगी उसके चलते लोग 10-20 यूनिट दिखा देते हैं जिसके फलस्वरूप सारी भूमि उन्हीं के नाम रह जाती है । गरीबों को बांटने के लिए भूमि नहीं मिल पाती है। इसलिए मेरा सुझाव है कि लैंड रिफार्म्स के अन्तर्गत जो यूनिट की व्यवस्था की गई हैं उसको हटा दिया जाये ।

जहां तक शिक्षा का प्रश्न है, जब तक गरीबों मजदूरों के लड़के और पूंजीपतियों के लड़के एक स्कूल में साथ-साथ शिक्षा प्राप्त नहीं करेंगे तब तक समाज में समानता नहीं आ सकती है । बड़े-बड़े पूंजीपतियों के लड़के तो उच्चकोटि की शिक्षा प्राप्त करते हैं और बड़े-बड़े पद प्राप्त कर लेते है लेकिन गरीब मजदूरों के बच्चों को वह सुअवसर प्राप्त नहीं होता है । यह जो खाई है इसको मिटाने के लिए दोनों के बच्चों को एक ही प्रकार की शिक्षा एक स्कूल में ग्रहण करनी चाहिए । वर्तमान में जो कानवेन्ट और पब्लिक स्कूलों की व्यवस्था चल रही है उसको समाप्त कर दिया जाना चाहिए ।

इसके साथ-साथ मुझे यह भी निवेदन करना है कि कारखानों पर जब तक पूंजीपतियों का अधिपत्य रहेगा तब तक देश में आर्थिक सुधार नहीं हो सकता है। मेरा सुझाव है कि जितनी भी फैक्टरीज हैं उन पर मजदूरों की ओनरशिप होनी चाहिए ।

गरीबों को न्याय दिलाने के लिए लीगल एड की व्यवस्था की गई है लेकिन स्पष्ट रूप से नहीं लिखा गया है कि गरीबों को किस प्रकार की सहायता दी जायेगी । उनको यह सहायता वकील के रूप में दी जायेगी, पैसे के रूप में दी जायेगी या किराये के रूप में दी जायेगी या फिर किस प्रकार से दी जायेगी—यह स्पष्ट नहीं है । वैसे तो अभी भी कुछ लीगल एड की व्यवस्था है लेकिन वह बिल्कुल निराशाजनक है । कौन गरीब एप्लाई करता है, कितना पैसा लेता है, कौन वकील है यह कुछ पता नहीं चलता है । इसलिए मैं चाहता हूं लीगल एड की परिभाषा साफ साफ दी जानी चाहिए ताकि जनता को न्याय मिलने में सुविधा हो ।

संविधान में आपने फंडामेंटल राइट की सुरक्षा सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के द्वारा दिलाने की व्यवस्था की है लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट की अभी तक जो व्यवस्था है वह कुछ ही व्यक्तियों के लिए है, जो गरीब मजदूर और किसान हैं उनकी वहां तक पहुंच नहीं होती है । इसलिए सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट तक गरीब मजदूर और किसानों का भी सामर्थ्य हो, इस बात की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

महात्मा गांधी ने कहा था कि जातीयता हिन्दुस्तान के लिये कर्स है । इसी जातीयता और भेदभाव के फलस्वरूप आज देश को यह दुर्दिन देखना पड़ा। दुर्भाग्यवश आज भी देश में जातीयता बढ़ रही है । पहले तो जातीयता समाज के अन्दर थी लेकिन अब प्रशासन के अन्दर भी आती जा रही है । आर्थिक क्षेत्र, शैक्षणिक क्षेत्र और न्यायिक क्षेत्र में भी जातीयता बढ़ रही है। इस लिये जातीयता को निर्मूल करने के लिये आप को एक ठोस कदम उठाना पड़ेगा और ठोस कदम उठाने के लिये, जैसा शेखानी साहब ने कहा, अन्तर्जातीय-विवाह, अन्तर्प्रान्तीय विवाह

होने बहुत जरूरी है । जालीयता को एक घोर अपराध माना जाना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय, संविधान में जो संशोधन किये गये हैं, इन के प्रति जनता को बड़ी-बड़ी अकांक्षायें हैं, बहुत आशायें हैं, लेकिन अभी तक हम देखते हैं कि बहुत से कानून जो सरकार द्वारा समाज के उत्थान के लिये पास किये गये, धरती पर भी नहीं उतरे हैं, अफसरशाही की अलमारियों में सजे हुए रखे हैं । हमारी सरकार जनता की भलाई के लिये कानून पास करती है, लेकिन ये अफसरशाह बीच में अड़ंगा लगाते हैं, उन कानूनों को कार्यान्वित नहीं होने देते, जनता तक उन का लाभ नहीं पहुंचने देते । ये अफसरशाह वे लोग हैं जो बड़े-बड़े घरानों से आते हैं, जिनका पालन-पोषण बड़ी-बड़ी इमारतों में हुआ है, गरीबों का शोषण कर के हुआ है । आज इन पर नियन्त्रण करना हमारी सरकार की पहली नीति होनी चाहिये, हर वह अफसर जो काम नहीं करता है, सरकार की नीतियों के पालन में अड़ंगा लगाता है, उस को सी० आई० आर० में बन्द करने की व्यवस्था होनी चाहिये ताकि आजादी की ब्लैसिंग्स, संविधान संशोधन का आशीर्वाद जनता तक पहुंच सके ।

हमारा सुझाव है कि इन आई० सी० एस० अफसरों, बड़े-बड़े पदाधिकारियों पर नियन्त्रण करने के लिये पार्लियामेन्ट की एक कमेटी होनी चाहिये । यह कमेटी उन के आचरण, उन का जनता के साथ क्या रोल है, उस पर नियन्त्रण करे और उन में जो समाजवाद के विरुद्ध काम करें, उन को समाजवाद के पक्ष में काम करने के लिये बाध्य करें ।

उपाध्यक्ष जी, गांधी जी ने कहा था— भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है । अभी तक जो कुछ व्यवस्था की गई है, जो कुछ काम किये गये हैं शहरों के लिये किये गये हैं । अभी भी गांवों में गरीबी, कलह, बेकारी, अशिक्षा, सड़कों का अभाव, बिजली का अभाव सब कुछ व्याप्त है । मैं एक बाढ़ग्रस्त क्षेत्र से आता हूं, जब मैं अपने क्षेत्र के गांवों में घूमता हूं तो बाढ़ के कारण वहां जो स्थिति पैदा हुई है, उस को देखने का मौका मिलता है ऐसा मालूम पड़ता है कि सरकार ने जनता के लिये जितने विकासवादी कानून बनाये हैं वे जनता तक नहीं पहुंच सके हैं, क्योंकि हर साल बाढ़ गरीबों के घरों को ढ़हा जाती है, वे लोग घर छोड़-छोड़ कर भागते जा रहे हैं । सरकार का विशेष ध्यान जाना चाहिये, वहां की गरीबी दूर होनी चाहिये, अशिक्षा दूर होनी चाहिये, छोटी-छोटी काटेज इण्डस्ट्रीज की व्यवस्था होनी चाहिये । जब तक गांवों की ओर ध्यान नहीं दिया जायेगा, तब तक गांवों का उत्थान नहीं होगा, तब तक हमारी प्रगति संकेतमात्र होगी । इस लिये संविधान का जो संशोधन हुआ है, यह आर्थिक और सामाजिक विकास के लिये एक बहुत बड़ा कदम है, इस के द्वारा हमारी प्रधान मंत्री जी भारत में समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का गणतन्त्र स्थापित करने के लिये वचनबद्ध हो गई हैं । इस से भारत की जनता के अन्दर एक आशा बंधी है कि आजादी का आशीर्वाद, संविधान संशोधन का आशीर्वाद भारत की कोटि कोटि निरीह जनता तक पहुंचेगा । ऐसी आशा और आकांक्षा रखते हुए, मैं भी इन संशोधनों का तहेदिल से समर्थन करता हूं ।

SHRI B. K. DASCHOWDHURY (Cooch-Behar): Sir, the gathering storm around this Constitution Amendment Bill has started withering away, both inside and outside the House.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The storm never broke.

SHRI B. K. DASCHOWDHURY: Well, it was not very strong, and started breaking away. You are perfectly correct, that it is yet to be broken away. The debate on this new Constitution Amendment Bill

[Shri B. K. Daschowdhury]

or these provisions in this Bill which is under consideration, is now going on but some people started objecting that there are certain basic changes in the Constitution. What are the main points of their objections? They have started objecting to the passing of this Constitution Amendment Bill questioning whether this House has got its mandate? The Erosion of Fundamental Rights, the Erosion of Judiciary, the excessive power, irrationalities in the Second Part of the Fundamental Duty Chapter that has been proposed to be added, as some of them have interpreted, are in conflict with these Fundamental Rights and above all whether this Parliament has got this power?

Let us discuss it on the basis of these points which have been raised by some hon. friends. My friends have aptly said that this House has got the mandate on the basis of the programmes of the party given in 1971. I do not want to refer to all that. But if in order to uphold the Constitution, in order to work within the framework of this Constitution—in the Preamble it is said, "to secure justice—social, economic and political"—if in the furtherance of securing justice—social, economic and potical—certain changes are made in order to give relief to the poorer sections, I do not know where is the conflict therein and where is the question of mandate that comes in. The mandate is there. The moment this House was elected, composed of 526 members, they have their bounden duty to secure for the society justice—social, economic and political.

What are we going to do by this amending process? They have said, erosion of fundamental rights. The Law Minister and other members also explained that any laws passed in the furtherance of the directive principles *i.e.* Chapter IV of the Constitution, should not be challenged on any of the grounds mentioned in articles 14, 19 and 31. What are the things that are mentioned in the directive principles. The things are betterment of the society, welfare of the people and in its totality whatever is possible that is to be done. I would like to add one word here. So far as those things which were not being done earlier are concerned, an attempt has been made to do them and also to see that the society marches forward both in the economic sphere and political sphere and also to transform the society into an egalitarian society. Certain new clauses have been added for this purpose which are laudable. But some persons have found fault with it. I do not know what is their argument.

Then, let us take the question of erosion of the judiciary. Where is the point of erosion of the judiciary? No powers of the judiciary have been curbed. Rather the powers of the judiciary which were hitherto not well-defined have been streamlined and well-defined. Nothing else has been done. But we have seen out of our experiences what actualy has been the role of the judiciary in our country. One after the other the judiciary tried to interpret the Constitution in a manner they wanted to do and even by one judge's point of view, either in the High Court or Supreme Court, they wanted to uphold that their views were supreme and none else's. Though we are in this democratic process and we believe in democracy and adult franchise, yet the views of the representatives of the people in this House and in the other House are not supreme, only the judges' views are supreme! This is nothing but a new despotism on the part of the judiciary who deliver judgments as if they are the only kings and rulers in this country and nobody else, completely ignoring the will and consent of the people who send their representatives to this House to look after their welfare and well-being. Therefore, the question of erosion of the judiciary does not hold any ground.

I have gone through one of the articles published in the Indian Express sometime before. About Fundamental Duties particularly, they mention and I quote: "The challenges follow the noble ideals that inspired our national struggle for freedom." Our national leaders took part in the national struggle and they aptly have said that there are certain inalienable fundamental right and those rights, particularly referring to art. 14, 19 and 31 are, somehow or the other, being taken in view of the Directive Principles of the State Policy of the Constitution. I do not know what is their actual view point. If their view point is to stick to the law *i.e.* the fundamental rights are fundamental rights, then those fundamental rights are for whom? Those fundamental rights are for the so-called higher echelons of the society, for the so-called haves and not for have-nots. What is their grievance? The poorer sections of the society, the vast multitudes of the country do not consider that fundamental rights are embedded in the Constitution. They consider what their fundamental needs are. Their fundamental need is that their hunger should be removed and their economic conditions ameliorated. In view of these things, which one is to be given more weightage—the poorer sections who are demanding better transformation of the society or those who are clinging to the position that the fundamental rights should be followed by this country. The problems of the poorer sections are to be given more weightage. This position, in brief, seemed to have shocked many people. I would only quote one of the observations of George Bernard Shaw that it is not only necessary that some people should have to be shocked but it is absolutely necessary that they should be shocked very often and not occasionally, for the progress and prosperity of the country. With this view, these articles or constitutional changes which are under consideration, are welcome measures. There is no doubt about it. But I would only appeal to the hon. Minister to consider one of the provisions. The hon. Minister has mentioned that the increasing number of seats of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes has been frozen according to the census figure of 1971. I have no quarrel with that. But I would request the hon. Minister to consider and let me know after passing this Amending Bill, whether it will conflict with the recently passed Amendment Order of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes. If it conflicts, then it will certainly encroach on the powers whch have been given under that Order. The Constitution is supreme and any act contrary to the Constitution cannot act properly. Therefore, with reference to this Act, it should be given serious consideration. I would also request the hon. Minister to give a reply to this point. With these words, I support this Bill.

SHRI P. VENKATASUBBAIAH (Nandyal): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I rise to support the Amending Bill that has been brought forward by the Law Minister. While introducing this Bill, the Law Minister has aptly said that it is the finest hour in the post-independence era. I entirely agree with his sentiments The nation is on the march under the able leadership of our Prime Minister. Never in the history of our country have we made ourselves felt as the emerging leader of the new nations, and our voice is now heard with respect in the world councils. This happy situation has been facilitated by the fact that we are enjoying political stability in this country coupled with economic prosperity.

I am really surprised at the attitude of some of the opposition parties, who have run away from their sense of duty by not participating in the historic deliberaions. At the same time, I congratulate some of the other political parties and Independents who have thought it fit, and I feel rightly so, to participate and give their contribution for the passage of this amending Bill.

[Shri P. Venkatasubbaiah]

Democracy is a form of Government where consensus emerges through discussion. It is not fair to say that democracy will thrive only if there is indulgence of politics in the streets and confrontation.

This Amending Bill has asserted that Parliament is supreme to make laws, to amend the Constitution. Parliament means the will of the people. It is rightly said that Parliament reflects the aspirations of the people. In order to remove some of the stumbling blocks that stand in the way of socio-economic revolution, it is necessary that Parliament should reflect the real feelings of the people and the Constitution should reflect the aspirations of the people. As our Prime Minister and President of the Republic have aptly said, the Constitution is not sacrosanct, it is not static. It needs constant changes so as to meet the changing needs of the people.

Coming to some of the basic features, the supremacy of Parliament has been asserted and the federal character of the Constitution has been kept in tact, though some doubts were raised with regard to the sending of the federal armed forces to the various States in case there is some trouble in those States. In this connection, the Law Minister has rightly pointed out that our Constitution is neither completely federal nor completely unitary. It is a mixture of both the federal and unitary structure. So, there should be constant rapport between the Centre and the States. Then only we will be able to utilize to the maximum the resources that are available in the country.

In this context, it is relevant to refer to the transfer of certain subjects to the Concurrent List. Now Madras city is suffering from lack of drinking water. There are four million people living in that city and the only available source of water is the River Krishna, failing which there is the danger of the entire population of Madras city going without satisfying the elementary need of drinking water. Now, because of the dynamic personality of the Prime Minister, she will be able to convince the respective Chief Minister to part with some of the available water of Krishna. Had she not taken into her heart to help the thirsty millions of Madras city, the diversion of the Krishna water to Madras would not happen because water is considered to be a State subject and the States are fighting among themselves to appropriate as much water as possible merely due to the fact that by some geographical accident they happen to be by the side of certain rivers. The same is the case with drought-affected areas like Rajasthan and Rayalseema where there is necessity to take water from the mighty rivers to irrigate the land and bring prosperity to the people. So, if irrigation and power or river waters is included in the Concurrent List, it will go a long way to bring about economic prosperity to the arid and drought-affected areas. I hope the hon. Minister will have a second look at it and come forward with an amendment for including this subject in the Concurrent List.

In order to have political stability, defection from one political party to another should be avoided. There is already a Bill pending before the Joint Committee and I think it will soon come to the House to be passed. I had the privilege of moving a resolution in this connection as early as 1967 and it had the unanimous support of this House. So, I hope the hon. Minister will see that such a Bill is passed.

We have stated in the Preamble now that ours will be a socialist, secular State. So, the removal of regional imbalances must be given greater care.

Only in this country is the bureaucracy enjoying constitutional protection. The sooner we remove it the better will we be able to implement the socio-economic policies and programmes for the amelioration of the economic condition of the poor people.

I hope the hon. Minister will take these matters into consideration and that we will ere long re-cast the Constitution in its entirety if necessary for benefit of the common man.

SHRI K. LAKKAPPA (Tumkur): It is a good thing that in the Preamble we have made it very clear that we stand for socialism, but the point is that there are certain articles which come in the way of the implementation of the letter and spirit of the Constitution.

For instance, if the democratic set-up and federal character of our Constitution is to be implemented, the authority of the bureaucracy should be limited. The mere constitution of administrative tribunals will not be sufficient. Articles 311 and 312 should be suitably amended We must create a more dynamic, living Constitution which will reflect the real aspirations of the people of the country.

Although we have extended the term of the Lok Sabha for one year .

MR DEPUTY-SPEAKER. We have not.

SHRI K. LAKKAPPA:. . but we are not incapable of facing elections. We have previouly faced elections and got ourselves elected by the people. But political freedom is not enough. Therefore, we have to take into consideration economic freedom also. After the declaration of the emergency, the Prime Minister had launched the 20-point economic programme. How far these amendments would really help in the implementation of the 20-point economic programme is to be seen because there are certain obstructions also.

Uptill now, our Directive Priciples have been mere pious promises and we could not enforce them. We want to aradicate poverty, but we are not in a position to provide gainful employment to the people of this country. Unless the right to work is also incorporated in the Seventh Schedule, it will be very difficult to give employment to the people of this country. I hope the hon. Minister will give a new thought to this and also a suitable and convincing reply about this point.

It goes without saying that large resources have to be ear-marked for giving employment to the people of this country. Shri Venkatasubbaiah was just now referring to the economic imblamances existing in the country.

Today, millions of people of our country are unemployed and gainful employment is not available to them At the behest of the bureaucrats, their kith and kin have been employed in the various public sector undertakings and there has been no scrupulous scrutiny about it. One of the main difficulties is that millions of people of the country are not fully involved in the development of the country. It is, therefore, necessary that the right to work should be guaranteed, and the Central should give mandatory directions to the States to provide gainful employment to the people. All people, whether they be literate or illitrate should be given some work to do. Unless it is done, it will be difficult to introduce meaningful socialism in the country. If it becomes necessary to make further changes in the Constiru-tion, we will support them. But the most important thing is to guarantee the right to work and to provide employment to the people, and it should not remain merely ornamental and a pious wish as it was in the Directive Principles of the Constitution.

श्री रामचन्द्र बिकल (बागपत) : उपाध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे संविधान (चवालीसवां संशोधन) विधेयक पर अपने विचार प्रकट करने के लिये समय दिया, उसके लिये मैं आप का आभारी हूं । मैं प्रधान मंत्री, विधि मंत्री और सरदार स्वर्णसिंह का भी, जिन की अध्यक्षता में कमेटी में संविधान में ये आमूल-चूल परिवर्तन का सुझाव दिया था, हृदय से आभार

[श्री रामचन्द्र विकल]

मानता हूं । मैं आशा करता हूं कि संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्दों का जो समावेश किया गया है, उन को व्यावहारिक रूप दे कर उन का लाभ देश के गरीबों और किसानों तक पहुंचाया जायेगा और उन को कार्यान्वित करने में राजनीति में काम करने वाले व्यक्ति सरकारी कर्मचारी आदि सभी लोग सहयोग देंगे। मैं इस विधेयक का हृदय से समर्थन करता हू ।

इस सम्बन्ध मे राज्यों के बीच सीमा विवाद और पानी सम्बन्धी विवाद की चर्चा की गई है । ऐसे विवाद काफी व्यापक रूप मे मौजूद है और केवल केन्द्रीय सरकार ही उन को शीघ्र हल कर सकती है । जहा तक हरियाणा और यू० पी० के सीमा विवाद का सम्बन्ध है, वह श्री दीक्षित के फैसले के बावजूद इस स्थिति तक पहुच गया है कि दोनो राज्यो की पुलिस का एक दूसरे के सामने खडा रहना पडता है । इसलिये उन पर शीघ्र कोई फैसला लिया जाय और उस मे कोशिश की जाय ।

मैं इस मौके पर यह भी कहना चाहता हूं कि यह राज्यो की अनेक बाते इसलिये भी बढ रही है कि एक राज्य से दूसरे राज्य को जाने मे बहुत सी पाबन्दी लगा रहे है । उन से करप्शन के अलावा न तो उत्पादन करने वाले को लाभ हो रहा है न उपभोक्ता को लाभ हो रहा है, या तो वे लोग जो बीच के है या कुछ ऐसे लोग जिन को मैं करप्शन मे फसा हुआ कह सकता हू उनको लाभ हो रहा है । इस से हमारे प्रान्तो मे एकता के बजाय अनेकता की भावनाए बढ रही है । इस पर गंभीरता से सोचा जाना चाहिये । चाहे वह कोई भी चीज हो उस के ऊपर पाबन्दी लगाने से कोई भी फायदा नही है । इस देश मे सभी लोगो ने देश की एकता के लिये कोशिश की है और मैं तो यह कहूं कि काश्मीर के लिये जो 370 धारा है उस को भी अब अधिक देर तक रखने का महत्व मैं नहीं समझता । मैं अनेक बार वहां के बैकवर्ड क्लासिस के लोगों के बीच में गया हूं, वहां के कांग्रेसियों से मैंने बात की है, सब इस चीज को कहते हैं । यह दूसरी बात है कि इसको कैसे और किस वक्त किया जाय । यह अलग अलग दर्जे के रखना देश के हित में नहीं है । इस पर भी प्रयत्न कुछ आपको शीघ्र करना चाहिये ।

यहा हिन्दी के बारे मे बहुत चर्चा हुई । मैं इतना ही कहना उचित समझता हू कि जब हिन्दी को अन्तर्राष्ट्रीय जगत मे स्थान मिल रहा हो, राष्ट्र सघ मे इसको स्थान दिलाने के लिये राज्य सभा और लोक सभा के अनेक ससद् सदस्यो ने अपने हस्ताक्षर वहा भेजे हों और हमारे देश मे नागपुर मे तथा देश के बाहर मारिशस मे विश्व हिन्दी सम्मेलन हुआ हो जिस मे ससार के करीब छत्तीस देशो के लोग आए हो, जबकि बाहरी देशो मे जैसे चीन, जापान, हगरी, फास इत्यादि के विश्व-विद्यालयो मे हिन्दी के ऊपर शोध कार्य हो रहे हो, तो हमारे देश से कुछ लोग यह कहें कि हिन्दी हम पर थोपी जा रही है यह कुछ उचित नही लगता है । मैं दक्षिण भारत के अनेक उदाहरण दे सकता हू । वहा हिन्दी का विरोध नही है । कुछ चन्द राजनीतिक लोगो को छोडकर और कोई उसका वहा विरोधी नही है । आबडी कांग्रेस के समय मे कुछ मुस्लिम बच्चो से बात कर रहा था तो उन्होने बडी खुशी से कहा कि अगर हम सात समुद्र पार की अंग्रेजी भाषा को सीख सकते है तो हिन्दी को भी उसी तेजी से सीखेंगे । पी ए सी के चेयरमेन श्री सेठ पान के साथ जब मैं मद्रास गया था तो उन्होने कमेटी का स्वागत करते हुए जो सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा उस मे लड़कियो ने हिन्दी के गीत गाये । तब मैंने उन से कहा कि आप वहां तो ऐसी बात करते है और यहां कितना सिर हिला-हिला कर हिन्दी गाने सुन रहे थे । तो सास्कृतिक कार्यक्रम

[श्री राम चन्द्र विकल]

और तिलंगानों में दक्षिण में सभी जगह हिन्दी अच्छी तरह चलती है। मैं दक्षिण भारत के और उदाहरण देता हूं। अनन्त गोपाल शेवड़े नागपुर के रहने वाले है जिन्होंने दो विश्व हिन्दी सम्मेलन वहां किये। हैदराबाद में हिन्दी महाविद्यालय है। मैंने स्वयं देखा कि विज्ञान की शिक्षा भी वहां हिन्दी में दी जा रही है। आपको सुन कर खुशी होगी कि उस में केरल मद्रास, उड़ीसा, मैसूर आदि प्रान्तों के अनेक अध्यापक हैं जो और जगहो से कम वेतन पा कर भी हिन्दी का काम कर रहे हैं। हिन्दी का दक्षिण में आम जनता में इतना विरोध नहीं है जितना चन्द राजनीतिक लोगों में। जब मैं उ० प्र० में एक मंत्री था, झारखंड़े राय जी उस समय हमारे साथ थे उस समय अनेक मद्रास के सरकारी कर्मचारियों से मैंने सवाल पूछा, उन्होंने फाइलो से बडे अच्छे नोट्स हिन्दी में लिख रखे थे। मैंने पूछा आपने हिन्दी कहां पढ़ी तो उन्होंने कहा कि हमने तो घर मैं हिन्दी सीख ली। तो इतनी सरल और वैज्ञानिक भाषा को यह कहा जाय कि हम पर थोंपी जा रही है उचित नहीं है। विदेशी भाषा को थोंपी हुई न माने और अपनी भाषा को थोपी हुई मानें यह ठीक नहीं हैं। मैं किसी भाषा का विरोधी नहीं। मैं चाहता हूं कि हर भाषा का विकास हो। लेकिन जो हिन्दी के थोपे जाने की बात कहते हैं वह मुझे हास्यास्पद लगती हैं। जो हिन्दी के विरोधी हैं मैं उनका नाम नही लेना चाहता लेकिन मैं कहूंगा कि वे भविष्य के लिये सोचें। हिन्दी के लिये सब से पहले गुजरात में स्वामी दयानन्द ने कहा था स्वराज्य से भी पहले कि हिन्दी के द्वारा सारे भारत को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है। स्वराज्य के पहले की बात और आपको मैं बताता हूं। गांधी जी ने उस समय कहा था: "स्वराज्य यदि सबके लिये हो तो हिन्दी एकमात्र भाषा बन सकता है।" पं० जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि हिन्दी एक जानदार भाषा है, वह जितना बढ़ेगी देश का उतना ही लाभ होगा। इसी प्रकार से सरदार पटेल ने कहा था कि हिन्दी अब सारे भारत की राष्ट्र भाषा बन गई है, उस भाषा का अध्ययन करने में लोगों को गर्व होना चाहिये। श्री एस० मूर्ति, जोकि मद्रास के रहने वाले थे, ने कहा था कि मुझे अपनी मादरी जबान तमिल पर बड़ा अभिमान है। पर मैं यह जानता हूं कि दो करोड़ आदमियों की भाषा हिन्दुस्तान की राष्ट्र भाषा नही हो सकती है। हिन्दी ही उनके लिये सर्वथा उपयुक्त हैं। इसी प्रकार के अनेक उदाहरण मैं और भी दे सकता हूं।

अन्त में मैं किसान की बात कह देना उचित समझता हूं। किसान द्वारा उत्पादित चीजों का जो मूल्य निर्धारित किया जाता है सरकार की तरफ से चाहे वह राज्य सरकार हो या केन्द्रीय सरकार वह मूल्य उसकी लागत के मुताबिक हो, इस बात की व्यवस्था संविधान में होनी चाहिए। साथ ही साथ कम से कम एक वर्ष पहले इस देश के किसानों को देना चाहिये कि उसके गन्ने का दाम क्या होगा, चीनी का दाम क्या होगा, चावल का दाम क्या होगा या गेहूं का दाम क्या होगा। जितनी भी फसलें उसकी ली जाती हैं उनके दामो की घोषणा एक वर्ष पूर्व कर दी जानी चाहिए।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि संविधान मे संशोधन करने के साथ साथ कुछ व्यावहारिक कदम भी संविधान को बनाने वाले, उसको चलाने वाले और सरकारी सर्विसेंज उठायें ताकि गरीबो को इस संविधान का लाभ पहुंच सके। इन शब्दों के साथ मैं इस सविधान संशोधन विधेयक का समर्थन करता हूं।

SHRI P. NARASIMHA REDDY (Chittoor): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I consider this historic Constitution Amendment Bill not merely as an amendment of the Constitution but as restoration of the Constitution to its original place of primacy as intended by the founding fathers of the Constitution. It is unfortunate that, on account of the attitude of the judiciary in the country, we have been obliged

[Shri P. Narsimha Reddy]

to resort more and more to amending the Constitution. If we look back and see the various amendments that we have been making to the Constitution, we will find that most of them have been undertaken as a reaction to judicial pronouncements. Nowhere in the world and at no time in the history has there been such a yawning gap between the national aspirations and the judicial pronouncements. Unfortunately, the judiciary has developed this sort of attitude for no reason.

In this connection it may be recalled that, in interpreting the Constitution or the laws of the land, the judiciary as one of the organs under the Constitution, must be extra cautious and careful not to interpret it in a manner which will impinge upon the domain of the other organs under the Constitution. If that sort of cautious attitude had been taken, this situation would not have arisen.

I would recall, in this connection, the valuable words pronounced by the eminent jurist, Justice Holmes: the judiciary should be very cautious in interpreting the laws or the Constitution so as not to impinge upon the domain of equally important other organs under the Constitution; the judiciary should interpret the Constitution or the law as it is and not as it ought to be. This dichotomy, in my opinion, has given rise to periodic Constitutional crisis as it were, in this country. I welcome this Bill as the final and last word in the matter, as an attempt to settle once and for all the overlapping function of these organs. Article 368 of the Constitution has been amended as the final attempt to rescue the Constitution from the judiciary and the judiciary from itself. I am sure, the Constitution has been finally rescued and put on the pedestal on which it ought to be, and I hope, the judiciary in this country will have the wisdom not to refuse to be saved from itself.

Having said all this, I would like the House to take note of some of the special obligations that flow from this amendment Bill we are passing to-day. The amendments we have made to circumscribe the domain of the judiciary in turn bring on us, devolve on us certain obligations which, as a legislator and as a government, we cannot shirk. It devolves upon us to be extra-cautions in passing legislations and make them foolproof in as much as by the extra-legal protection and immunity we have given to law-making, it is incumbent on us to reform or adopt suitable parliamentary procedures and other methods to see that the legislation we are going to make is foolproof and is vetted through proper legislative committees as in the United States Congress. This much of special attention to legislation—making is called for inasmuch as legal protection and immunity from the courts has been taken by our legislation.

I would like to add here another important obligation that has devolved on us as a result of the very many new features in the Constitution we have been obliged to adopt—the fundamental duties and the provision against the anti-national activities, etc. These are all aimed to shield our democracy from the sort of overt and covert activities that have been habitually indulged in by certain sections of the people so that this democracy and this State which the founding fathers handed down to us can be fully protected, developed and taken towards our cherised goal of socialism and secularism which have been enshrined in our preamble.

SHRI BHOGENDRA JHA (Jainagar): To-day the long chapter, the controversial chapter in the history of our constitutional amendment is coming to a close. To trace the history a little, this struggle was initiated in 1969 and in 1971 we went to the people and got the mandate that the Parliament was competent to amend the Constitution itself. Even then it was delayed. Then we got the onslaught against our system. Demands for the dissolution of assemblies and also the Lok Sabha

itself, resignation of members and a partyless system—all these demands were made. Not only at that time it seemed that the whole government would be paralysed before these people not here but mainly outside; but having been in this House we have faced it for quite a long time and we faced it single-handed when several stalwarts of our comrades were attacked and injured.

After all this, it is good that we are getting this amendment which is most comprehensive and most far reaching than any other amendment to the Constitution made so far and it will be adopted also. The ruling party approved it, the Swaran Singh Committee has approved it, the AICC has approved it, the Cabinet also approved it and it was moved in the last session of the Lok Sabha and a national debate then ensued. Mr. Gokhale and others led the discussion.

